दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्षः 3 | अंकः 171 जयपुर, शुक्रवार, 31 मई, 2024 । ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठः 10 | मूल्यः 2.00

## जरूरी खबर

### 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी



**जयपुर।** प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर की ओर से गुरुवार को राजस्थान बोर्ड आठवीं और पांचवी का परिणाम जारी किया गया। परिणाम जारी होने पर अचानक वेबसाइट क्रैश होने के चलते परिणाम को ऑफलाइन ही जारी करना पड़ा। शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने गुरुवार को पांचवीं और आठवीं बोर्ड का परिणाम जारी किया। हालांकि तकनीकी खराबी के चलते रिजल्ट जारी करने में कुछ देरी हुई। कक्षा 5 में 14 लाख 35 हजार 696 परीक्षार्थी सम्मिलत हुए, जिनमें से 13 लाख 93 हजार 423 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षा परिणाम 97.06 प्रतिशत रहा। राजकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 96.79 प्रतिशत रहा, जबकि निजी विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 97.40 प्रतिशत रहा। आठवीं का परीक्षा परिणाम 95.72 प्रतिशत रहा। आठवीं परीक्षा में 12 लाख 50 हजार 800 परीक्षार्थी सम्मिलत हुए थे, जिनमें से 11 लाख 97 हजार 321 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। राजकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 94.54 प्रतिशत रहा, जबकि निजी विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 97.38 प्रतिशत रहा।

(पेज 5 भी देखें)

### सीवर टैंक की सफाई करने उतरे 3 मजदूरों की मौत



**भरतपुर।** जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला मई में गुरुवार को सीवर टैंक की सफाई करने उतरे तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि उन्हें बचाने उतरे दो लोग बेहोश हो गए। दोनों बेहोश लोगों को भरतपुर के आरबीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सीवर टैंक की सफाई करते समय एक मजदूर टैंक में गिर गया। उसे बचाने के लिए एक के बाद एक पांच लोग टैंक में उतर गए। ऐसे में सभी लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए। हादसे में मारे गए लोगों में मई गांव निवासी आकाश (25), करण (25) और टीकम चंद उर्फ भोलू है। इस घटना पर सीएम भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।

**नौतपा का छठा दिन:** भरतपुर, टोंक और भीलवाड़ा में बारिश के बाद बदला मौसम का मिजाज... तापमान में गिरावट

# आग उगल रहे सूर्य देवता... श्रीगंगानगर का पारा@ $48.3^0$

**बेधड़क** | जयपुर

भीषण गर्मी से तपते प्रदेश में गुरुवार का दिन थोड़ा राहत देने वाला रहा। प्रदेश के तीन जिलों में तेज हवा के साथ हुई बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। प्रदेश के भरतपुर, टोंक व भीलवाड़ा में दोपहर बाद बारिश हुई। टोंक में ओले भी गिरे। उधर, श्रीगंगानगर में सर्वाधिक 48.3 डिग्री तापमान रहा, जबकि राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड कियाय गया। इसके अलावा चूरू में 47, पिलानी में 47.6, अलवर में 46 और बाड़मेर में 44.2 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग ने बताया कि केरल के रास्ते मानसून की एंट्री हो चुकी है। प्रदेश में 25 दिन बाद मानसून की एंट्री होगी। हालांकि अभी इसे लेकर कोई तारीख जारी नहीं की गई है। दूसरी ओर, हीटवेव से हो रही मौतों पर राजस्थान हाई कोर्ट ने स्वप्रसंज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्य सरकार को मुआवजा देने को निर्देश दिए हैं। केंद्र और राज्य सरकार को हीटवेव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी करने के लिए भी कहा है। गौरतलब है कि गर्मी-हीटवेव से अब तक 61 लोगों की मौत हुई हैं, लेकिन सरकार ने आधिकारिक तौर पर एक भी मौत की पुष्टि नहीं की है। बीते 24 घंटे में अलवर, टोंक, जयपुर में 1 और सीकर में 2 मौत हुई है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार 1 जून से प्रदेश में हीटवेव का दौर थम सकता है। नौतपा के छठे दिन मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया, जो आगामी दो दिन और रह सकता है। मौसम विभाग ने 31 मई से राज्य के 11 जिलों में तेज आंधी चलने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। बारिश और आंधी का यह दौर 2 जून तक जारी रह सकता है।




#### समय से पहले केरल पहुंचा मानसून

मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस बार केरल में समय से दो दिन पहले मानसून प्रवेश कर चुका है। राजस्थान में मानसून सामान्य तौर पर 25 जून को एंट्री करता है। ऐसा अनुमान है कि केरल में मानसून आने के 25 दिन बाद राजस्थान में एंट्री होती है। संभावना है कि जून के आखिरी सप्ताह में प्रदेश में मानसून की एंट्री हो सकती है। हालांकि अभी तारीख बताना संभव नहीं है। इस बार राज्य में मानसून अच्छा रहने की उम्मीद है।

#### आज से बदलेगा मौसम

प्रदेश में शुक्रवार को एक वेर्स्टन डिर्स्टबेंस एक्टिव होगा। इसका प्रभाव राज्य के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में 2 जून तक देखने को मिलेगा। इस सिस्टम के प्रभाव से शुक्रवार को भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, सीकर, नागौर के अलावा चूरू और झुंझुनूं में धूलभरी आंधी चलने के साथ कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। चूरू, झुंझुनूं क्षेत्र में 40 से 50 किमी स्पीड तक तेज सरफेस हवाएं चलने की संभावना है। इसी प्रकार 1 जून को भी इस सिस्टम का असर भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, सीकर, नागौर, झुंझुनूं में देखने को मिल सकता है। 2 जून को इस सिस्टम का असर भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, सीकर, नागौर, झुंझुनूं के अलावा चूरू, हनुमानगढ़, गंगानगर, बीकानेर जिलों में भी देखने को मिल सकता है। इस दौरान प्रदेश के लगभग सभी शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हो सकता है।

**पीएम ने कन्याकुमारी के अम्मन मंदिर में की पूजा-अर्चना**

# मोदी का ‘एकांतवास’ 45 घंटे साधना में लीन



#### स्वामी विवेकानंद की याद में बनाया स्मारक

यह स्मारक स्वामी विवेकानंद की याद में ही बनाया बनाया गया है, जिन्होंने देशभर का दौरा करने के बाद 1892 के अंत में समुद्र के अंदर इन चट्टानों पर तीन दिन ध्यान लगाया था और विकसित भारत का सपना देखा था। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री मोदी स्मारक पर ठहरेंगे।

**एजेंसी** | कन्याकुमारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार शाम से देश के सबसे दक्षिणी छोर पर स्थित कन्याकुमारी के प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना शुरू की। पंजाब के होशियारपुर में चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद पीएम हेलिकॉप्टर से सीधे कन्याकुमारी पहुंचे और फिर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की।

उसके बाद वह नौका पर सवार होकर तट से करीब 500 मीटर दूर समुद्र में चट्टान पर स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे और ध्यान शुरू किया जो एक जून तक चलेगा। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रचार खत्म होने के बाद पीएम मोदी ने केदारनाथ की गुफा में ध्यान लगाया था। गुरुवार दोपहर बाद धोती और सफेद शाल ओढ़े मोदी ने अम्मन मंदिर में प्रार्थना की और गर्भगृह की परिक्रमा की। पुजारियों ने एक विशेष आरती की और उन्हें मंदिर का प्रसाद दिया, जिसमें एक शाल और मंदिर के मुख्य देवता की एक फ्रेमयुक्त तस्वीर शामिल थी। इसके बाद मोदी रॉक मेमोरियल पहुंचे और ‘ध्यान मंडपम’ में अपना ध्यान शुरू किया। ध्यान शुरू करने से पहले प्रधानमंत्री मोदी कुछ देर के लिए मंडपम की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर खड़े रहे, वहां से स्मारक के चारों ओर से समुद्र का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है। एक जून को ध्यान समाप्ति के बाद कन्याकुमारी से प्रस्थान करने से पहले मोदी संभवतः स्मारक के बगल में स्थित तमिल कवि तिरुवल्लुवर की प्रतिमा देखने भी जाएंगे।



#### मौन रहेंगे मोदी, सिर्फ तरल आहार लेंगे

पीएम मोदी का ध्यान शाम 6:45 बजे शुरू हो गया है। अब 45 घंटे ध्यान करेंगे। इन 45 घंटों तक उनका आहार केवल नारियल पानी, अंगूर का रस और अन्य तरल पदार्थ होगा। वे ध्यान कक्ष से बाहर नहीं निकलेंगे और मौन रहेंगे।

### अंतिम चरण का चुनाव प्रचार थमा... वोटिंग कल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से देशभर में शुरू हुआ चुनावी शोर गुरुवार शाम पांच बजे थम गया। इसके साथ ही सातवें और अंतिम चरण का प्रचार अभियान बंद हो गया। अब 1 जून को सातवें चरण का मतदान होगा। सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिए शनिवार को मतदान होगा। अंतिम चरण के इस चुनाव में जिन प्रमुख सीटों पर मतदान है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी सीट भी शामिल है। इसके साथ ही बंगाल की डायमंड हार्बर सीट, जहां से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी मैदान में हैं ।

#### 904 प्रत्याशी आजमा रहे हैं किस्मत

57 लोकसभा सीटों पर 904 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें यूपी की 13 सीटों पर 144, पंजाब की 13 सीटों पर 328, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों के लिए 124, बिहार की आठ सीटों पर 134, ओडिशा की छह सीटों पर 66, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर 37, झारखंड की 3 सीटों पर 52 व चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 प्रत्याशी मैदान में है।

**जम्मू-पुंछ हाईवे पर हादसे में 40 घायल**

# 150 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 22 की मौत... 40 घायल

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अखनूर में गुरुवार को बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तीर्थयात्रियों से भरी बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-पुंछ हाईवे पर अखनूर इलाके के चौकी चौरा में चुंगी मोड़ के पास ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया। इस दौरान बस खाई में गिर गई।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि बस के गहरी खाई में गिर जाने से 21 लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। शवों को उप जिला अस्पताल (एसडीएच) अखनूर ले जाया गया। गंभीर रूप से घायलों को जम्मू शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताया है। केंद्र सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।



#### रेस्क्यू टीम ने घायलों को खाई से निकाला

एक अधिकारी ने बताया कि बस हादसा टांडा मोड़ पर हुआ है। सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। खाई इतनी गहरी थी कि बस के नीचे गिरते ही बस के परखच्चे उड़ गए।

**खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई**

### अजमेर में किया 18 हजार लीटर मिलावटी तेल जब्त

**अजमेर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की जयपुर और अजमेर टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए परबतपुरा इलाके में स्थित एक तेल फैक्ट्री के गोदाम पर गुरुवार को छापा मारकर 18 हजार लीटर मिलावटी तेल जब्त किया गया। यहां अलग-अलग ब्रांड के तेल की पैकिंग गोदाम में की जा रही थी। टीम ने कार्रवाई करते हुए गोदाम सीज कर दिया। साथ ही तेल के नमूने भी लिए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में जयपुर और अजमेर की टीम ने साथ मिलकर गुरुवार को तेल फैक्ट्री के गोदाम पर छापा मारा। छापे में विभिन्न ब्रांडों के डुप्लीकेट लेवल और विभिन्न ब्रांडेड तेल में अन्य तेल मिलाकर मिलावट की जा रही थी।



**उच्च स्तरीय मीटिंग**

# प्रचंड गर्मी में पचास IAS ने नापा राजस्थान... आज CM लेंगे फीडबैंक

- शासन सचिवालय में सुबह 11 बजे होगी मीटिंग
- पानी-बिजली की होगी समीक्षा, अन्य विभागों के कार्यों का होगा रिव्यू
- प्रभारी सचिवों से जनहित से जुड़ी व्यवस्थाओं की होगी समीक्षा

**बेधड़क** | जयपुर

नौतपा में प्रदेश तप रहा है। भीषण गर्मी में पानी- बिजली की किल्लत से आमजन परेशान हैं। इस बीच प्रदेश के 50 जिलों के प्रभारी सचिव आईएएस अफसरों ने अपने-अपने जिलों में जाकर पानी-बिजली की समस्या का जायजा लिया। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को को होने वाली उच्च स्तरीय मीटिंग में अपनी रिपोर्ट रखेंगे।

शासन सचिवालय में सुबह 11 बजे बुलाई गई इस बैठक में मुख्यमंत्री प्रभारी सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश भर में जनहित से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग के संयुक्त शासन सचिव अरुण प्रकाश शर्मा के अनुसार प्रभारी सचिवों और अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा में मुख्यमंत्री, ई-फाइलिंग, संपर्क पोर्टल, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पानी-बिजली व स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करेंगे। बैठक में सभी एसीएस, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव एवं समस्त जिला प्रभारी सचिव उपस्थित रहेंगे।



#### मीटिंग से पहले मेहंदीपुर बालाजी जाएंगे CM

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मीटिंग से पहले शुक्रवार की सुबह मेहंदीपुर बालाजी जाएंगे। यहां बालाजी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करेंगे। इसके बाद सीएम का सुबह 11 बजे जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

#### प्रभारी सचिवों ने तैयार की रिपोर्ट

बैठक में प्रदेश के सभी महकमों से विभागीय रिपोर्ट ली जाएगी। इसके लिए सभी प्रभारी सचिवों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समक्ष रखी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित जिलों में सामने आई समस्याओं के समाधान को लेकर कवायद शुरू की जाएगी। दरअसल, सरकार ने जिलों के प्रभारी सचिवों को 28 और 29 मई को संबंधित जिलों में जाकर वहां के हालात का जायजा लेने के निर्देश दिए थे। इसके बाद दो दिन सभी प्रभारी सचिव अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में रहे।

#### अफसरों ने रात्रि चौपाल लगाकर पूछी समस्याएं

सरकार के निर्देश पर दो दिन में 50 प्रभारी सचिवों ने अपने-अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा किया और बिजली-पानी की किल्लत का जायजा लिया। इस दौरान लोगों से मिलकर पानी की किल्लत और बिजली कटौती के बारे में फीडबैक लिया गया। उन्होंने यह भी पूछा कि पानी कितने दिन के अंतराल से आ रहा है और दिन में कितने घंटे बिजली कटौती की जा रही है। इस बीच कई प्रभारी सचिवों ने गांवों में रात्रि चौपाल लगाकर भी लोगों की समस्याएं सुनीं। प्रभारी सचिवों ने कलेक्टर व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक के अलावा अस्पताल और मनरेगा कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा गोशालाओं के भी हाल जाने। अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। अवैध खनन जैसे मुद्दों को लेकर भी फीडबैक लिया गया। इसके अलावा ई फाईलिंग सिस्टम की भी जानकारी ली। ये सारी रिपोर्ट अब सीएम के समक्ष रखी जाएगी।

## जरूरी खबर

### मुख्यमंत्री ने जम्मू बस हादसे पर जताया दुःख



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में गुरुवार को गहरी खाई में बस गिरने के हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। शर्मा ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर बस हादसे में घायलों के उपचार एवं हरसंभव मदद के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि यह हादसा गुरुवार को उत्तर-प्रदेश के हाथरस से शिवखोड़ी के लिए जा रही बस के जम्मू के अखनूर में एक गहरी खाई में गिरने से हुआ, जिसमें राजस्थान के यात्री भी शामिल थे।

### कार्यशाला में प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन पर चर्चा

**जयपुर।** आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण के अवसर पर राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा आयोजित की जा रही सात दिवसीय हितधारक कार्यशाला के चौथे दिन बढ़ते प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण पर हो रहे दुष्प्रभावों को मद्देनजर रखते हुए 'प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन' विषय चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान अधीक्षण पर्यावरण अभियंता शशि चौधरी ने पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मंडल द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं नवाचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नुकसान का एक बहुत बड़ा कारण बना हुआ है। ऐसे में प्लास्टिक रिसाइकिल करके पर्यावरण को हो रहे नुकसान से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आमजन को कचरे के पृथकीकरण के बारे में जागरूक होना चाहिए इससे कचरा रीसायकल करना आसान होता है।

### डिप्टी सीएम से लगाई गुहार, मुआवजे की मांग



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से गुरुवार को फागी एवं दूदू से आए सैकड़ों किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। किसानों ने उपमुख्यमंत्री को फसलों में हुए नुकसान से अवगत कराया। किसानो ने उपमुख्यमंत्री से फसलों के नुकसान का प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत मुआवजा दिलवाने की मांग की। उप मुख्यमंत्री ने कहा की राजस्थान अन्नदाताओं का प्रदेश है। प्रदेश सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने किसानों को उनकी हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

---

**पानी-बिजली की किल्लत और सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर बयानबाजी पर भाजपा का पलटवार**

# प्राकृतिक प्रकोप के बीच राजनीति ढूंढने में लगी है कांग्रेस

**बेधड़क** | जयपुर

भीषण गर्मी में पानी-बिजली की किल्लत और सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर कांग्रेस के आरोपों पर गुरुवार को भाजपा नेता अरुण चतुर्वेदी और मंत्री जोगाराम पटेल ने पलटवार किया। अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस प्रकृति के प्रकोप में राजनीति ढूंढ़ने का काम कर रही है।

दरअसल, भीषण गर्मी में पानी और बिजली की किल्लत और पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ नहीं मिलने के मामले को लेकर कांग्रेस नेता भाजपा पर हमलावर हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को





संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस प्रकृति के प्रकोप में राजनीति ढूंढ़ने का काम कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पांच साल काम नहीं किया। अब उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की तर्ज पर झूठ परोसने का काम कर रहे हैं। वे भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज पानी की बड़ी जरूरत है। लेकिन पानी महज एक प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन चलाया।

सारे देश ने इसका फायदा लिया। लेकिन राजस्थान को इसका फायदा नहीं मिला। मोदी सरकार ने 27000 करोड़ रुपए दिए। लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने महज 6 हजार करोड़ रुपए ही खर्च किए। चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में जल जीवन मिशन में हर दिन कनेक्शन का औसत 986 था। जबकि भजनलाल सरकार 3877 कनेक्शन प्रतिदिन दे रही है। केंद्र सरकार ने जेजेएम में तीन महीने में 1600 करोड़ का बजट जारी किया है। इस योजना के तहत चार साल में 3309 करोड़ रुपए खर्च हुए। लेकिन भजनलाल सरकार में तीन महीने में 14961 करोड़ खर्च हुए हैं। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत ने झूठ परोसने का काम किया है। यही कारण है कि जनता ने उनका सूपड़ा साफ कर दिया। भजनलाल सरकार बिजली, पानी और ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है।

### संकट की जिम्मेदार गहलोत सरकार

पूर्व मंत्री चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्थान में बिजली संकट अशोक गहलोत सरकार की देन है। गहलोत सरकार में बिजली प्रोजेक्ट धरातल पर ही नहीं उतर पाए। वो केवल घोषणाएं करने वाले मुख्यमंत्री थे। घोषणाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान ही नहीं दिया। यही कारण है कि इस भीषण गर्मी में जनता पावर कट की परेशानी से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का काम भजनलाल सरकार कर रही है।

### आचार संहिता के बाद मिलेगी पेंशन

विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बकाया होने के आरोपों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार ने पेंशन को मिशन के रूप में लेकर काम किया है। कुछ ऐसे मामले हैं, जो वैरिफिकेशन या अन्य तकनीकी कारण से बकाया हैं। हमारा लक्ष्य है कि अभी के खाते में समय पर पेंशन जमा हो जाए। उन्होंने कहा कि योग्य पेंशनधारियों को आचार संहिता खत्म होने पर 4 जून के बाद बकाया पेंशन का भुगतान किया जाएगा।

### भीषण गर्मी में रख रहे सभी का ध्यान

विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा, सरकार और पार्टी संगठन स्तर पर पानी-बिजली की समस्या को दूर करने में लगी हुई है। मुख्यमंत्री ने भाजपा विधायकों और सांसदों से आग्रह किया है कि परिंडे और प्याऊ लगाएं। भाजपा ने न केवल मानव बल्कि जीव-जंतुओं के जीवन की सुरक्षा के किए भी काम शुरू किया है। पानी-बिजली की समस्याओं को लेकर प्रदेश में कॉल सेंटर शुरू किया है। जहां भी पानी संकट है। वहां टैंकरों से पानी पहुंचाने का इंतजाम किया जा रहा है।

---

**प्रशिक्षण के बाद माली एवं सेनेगल में महिलाएं रोजगार से जुड़ीं**

# राजस्थान का बाजरा बनेगा पश्चिम अफ्रीका का खाद्यान्न

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के धौलपुर जिले का राजीविका मॉडल पश्चिम अफ्रीकी देशों सेनेगल एवं माली में 12500 महिलाओ की आजीविका का साधन बना है। धौलपुर की राजीविका महिलाओ ने सेनेगल एवं माली देशो में जाकर स्वयं सहायता समूह बनाने, ग्राम संगठन एवं फेडरेशन बनाने का प्रशिक्षण दिया।

उसके बाद फेडरेशन को संचालित करने की पद्धति एवं विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया और आज इन देशों की महिलाएँ वर्षभर में करीब 17 करोड़ की बचत करती है और उसी बचत से इंटर लोनिंग कर अन्य महिलाओ को भी रोजगार से जोड़ रही है तथा प्रशिक्षण के द्वारा नए-नए कार्य कर रही हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने इंदिरा गांधी नहर मंडल में गुरुवार को पश्चिम अफ्रीकी देश माली और सेनेगल से राजस्थान में प्रशिक्षण के लिए आए प्रतिनिधियों के साथ आगे के सहयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधियों ने राजीविका के माध्यम से मिल रहे सहयोग के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। दोनों देशों के 9 फेडरेशन के महिला प्रमुखों के साथ अन्य प्रतिनिधि भी जयपुर पहुंचे। ये प्रतिनिधि धौलपुर,भरतपुर,अजमेर, जयपुर एवं उदयपुर में राजीविका समूहों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। राजस्थान विजिट के दौरान मुर्गीपालन, बकरीपालन,नेचुरल फार्मिंग, बायो गैस सहित अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। राजस्थान में बाजरा उत्पादन के लिए जैसा क्लाइमेट है वैसा ही इन अफ्रीकन देशों में भी है। फेडरेशन की महिला प्रमुख प्रशिक्षण के दौरान बाजरा उत्पादन के बारे में भी जानकारी प्राप्त करेगी।



### राजीविका के पंच सूत्रों की दी जानकारी

कुमार ने राजीविका के पंचसूत्रों-साप्ताहिक बैठक, साप्ताहिक बचत, आंतरिक उधार, ऋण का भुगतान और रिकॉर्ड मेंटेनेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजीविका का प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने महिलाओं की आजीविका में वृद्धि के लिए पंचरत्न मिशन के माध्यम से राजीविका द्वारा बनाए गए उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं को कृषि तकनीक में उन्नत और कृषि में अग्रसर बताया। उन्होंने अफ्रीका और प्रदेश की वनस्पति में समानता को बताते हुए प्रतिनिधियों से कृषि और जल संरक्षण पर भी चर्चा की। उन्होंने राज्य में प्रचलित मोटे अनाज को अफ्रीकी देशों के वातावरण के अनुकूल बताते हुए मोटे अनाज को अफ्रीका में उगाने का सुझाव दिया।

### कार्यप्रणाली और नवाचारों को जाना

बैठक के दौरान, राजीविका द्वारा प्रशिक्षित अफ्रीकी प्रतिनिधियों को राजीविका के द्वारा किये जा रहे नवाचारों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही, राज्य में स्वायत्त ग्रामीण समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा नीम के बीज की खाद, औद्योगिक उत्पादन और मिलेट उत्पादों के बारे में जानकारी प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। इस बैठक में राज्य में कृषि संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान पर भी चर्चा की गई। बैठक में राजस्थान में नर्मदा नहर के माध्यम से जालोर एवं बाड़मेर जिलों में हो रही सिंचाई की प्रक्रिया के बारे में भी प्रेजेंटेशन एवं वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान राजीविका महिला समूह के लिए कार्य कर रही श्वेता कुमारी राठौड़ एवं संजय ने भी अफ्रीकन प्रतिनिधियों से विचार साझा किए।

---

**हीटवेव के साथ बढ़ी राजनीतिक तपिश**

# राजस्थान की भाजपा सरकार अलर्ट नहीं, ऑटो मोड पर: डोटासरा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच राजनीतिक पपिश भी बढ़ती जा रही है। गमीर्मी से कई लोगों की मौत के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। हालांकि, हीटवेव से प्रदेश में मौतों को लेकर सरकार के विभागों के अलग-अलग दावे हैं, लेकिन कोर्ट ने इस पर स्व प्रसंज्ञान लिया है। अब कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सरकार की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने यहां तक कह दिया कि प्रदेश की भाजपा सरकार अलर्ट नहीं, बल्कि ऑटो मोड पर है। तभी कोर्ट को स्व प्रसंज्ञान लेकर आदेश देने पड़ रहे हैं। डोटासरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- 'राजस्थान की भाजपा सरकार अलर्ट नहीं 'ऑटो मोड, पर है, तभी तो कोर्ट को स्व प्रसंज्ञान लेकर आदेश देने पड़ रहे हैं। भीषण गर्मी और हीटवेव से करीब 100 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। भाजपा सरकार लू से बचाव और बिजली-पानी की पर्याप्त आपूर्ति प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही है। सरकार की लापरवाही के बाद अब हाईकोर्ट ने स्व प्रसंज्ञान लेकर सरकार को विशेष एडवाइजरी जारी करने व मृतकों के परिवार को मुआवजा देने का निर्देश दिया है।



### भरतपुर पीड़ितों को दें मुआवजा

डोटासरा ने एक अन्य पोस्ट में लिखा- 'भरतपुर में सीवर टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस के रिसाव से 3 लोगों की मृत्यु हृदयविदारक है। शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। बिना सुरक्षा के सीवर में किसी व्यक्ति को उतारना अपराध है, फिर मुख्यमंत्री के गृह जिले में ऐसी घोर लापरवाही की क्या वजह है? सरकार से अपेक्षा है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे एवं मृतकों के परिवार को उचित मुआवजा दे।

---

**गहलोत के बाद बेनीवाल ने साधा मुख्य सचिव पर निशाना**

# राजनेताओं के निशाने पर पंत

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत लगातार राजनेताओं के निशाने पर हैं। पिछले दिनों अशोक गहलोत ने पंत को सुपर सीएम बताया था। वहीं अब खींवसर विधायक हनुमान बेनीवाल ने भी पंत की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हनुमान बेनीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है, इसमें उन्होंने लिखा "मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री जनता के कार्यों के लिए अपने कक्ष में मुख्य सचिव को तलब कर सकते हैं, लेकिन राजस्थान में खुद कैबिनेट मंत्री मुख्य सचिव से मिलने के लिए उनके चैंबर के बाहर धक्के खा रहे हैं।" बेनीवाल ने पोस्ट में लिखा कि राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव द्वारा प्रदेश में समानांतर सरकार चलाना लोकतांत्रिक व्यवस्था का बहुत बड़ा दुर्भाग्य है।





आचार संहिता प्रभावी होने के बावजूद मुख्य सचिव के स्तर से ऐसे कई नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं, जिनकी अनुमति निर्वाचन विभाग से नहीं ली जा रही है। बाड़मेर और जोधपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान से पहले मुख्य सचिव का दौरा आचार संहिता का उल्लंघन था, जो इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण था कि राजस्थान के मुख्य सचिव को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन की कोई परवाह नहीं है।

---

**लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह में बोले मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़**

# युवा व नारी शक्ति विकसित भारत का आधार

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने गुरुवार को दौसा जिले में श्रीराजपूत समाज परगना लवाण की लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने गोपालजी महाराज के पंचम पाटोत्सव समारोह में भी शिरकत की।

इस मौके पर कर्नल राज्यवर्धन कहा कि इस लाइब्रेरी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।

पाटोत्सव समारोह में उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि और आरोग्य की प्रार्थना की। साथ ही कर्नल राठौड़ ने महिला उद्यमियों का हुनर देखा और उनकी सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राठौड़ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मोदी सरकार ने मुद्रा योजना के जरिए सामान्य व्यक्ति के हुनर को निखारने का काम किया। उस हुनर को पहचान दिलाने और लोगों को सशक्त बनाने का काम किया है एवं आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आधार हैं। मोदी सरकार निरंतर इनके उत्थान के लिए प्रतिबद्ध और प्रयत्नशील है। मोदी सरकार के 'सबका साथ-सबका विकास' के मूलमंत्र पर समाज के हर वर्ग का अटूट विश्वास है।




---

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीसी से ली समीक्षा बैठक**

# चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच होगी मतगणना, पास के बिना प्रवेश निषेध

**बेधड़क** | जयपुर

भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतगणना तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के उच्चाधिकारियों ने बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना से जुडे समस्त प्रोटोकॉल का ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों और बागीदौरा विधान सभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की समुचित आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया। गुप्ता ने बताया कि मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक कर ली गई है। राजनीतिक दलों से अपने-अपने काउंटिंग एजेंट्स की सूचियां 31 मई तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में आवश्यक रूप से देने को कहा गया है, जिनमें से अधिकतर ने सूची आरओ को सौंप दी है। उनको अधिकृत पास जारी किया जाने की प्रक्रिया की जा रही है। मतगणना उपरांत विजय जूलूस नहीं निकाले जाने एवं धारा-144 की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।




### त्रि-स्तरीय रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी मतगणना स्थलों पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। सुरक्षा घेरे का पहला स्तर मतगणना परिसर और परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि से शुरू होगा, द्वितीय स्तर और मध्य घेरा मतगणना परिसर के गेट पर होगा। इसका संचालन सशस्त्र पुलिस द्वारा किया जाएगा। तीसरा स्तर और सबसे भीतरी घेरा मतगणना हॉल के दरवाजे पर होगा। इसका संचालन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार, रिटर्निंग अधिकारी किसी भी राजनीतिक व्यक्ति, मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त नहीं करेंगे और न ही किसी तरह का पक्षपात करेंगे। मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए वैध प्राधिकार-पत्र होने के बावजूद यदि आरओ को मतगणना हॉल में किसी व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में उचित संदेह है, तो वह उसकी तलाशी ले सकेगा।

### गर्मी से बचाव के रहेंगे पर्याप्त इंतजाम

गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी राज्य के सभी 29 मतगणना केन्द्रों पर कूलिंग की समुचित व्यवस्था और पूरे मतगणना स्थल पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मतगणना कार्मिकों और काउंटिंग एजेंट्स की सुविधा के लिए प्रत्येक मतगणना कक्ष में शीतल पेयजल, मेडिकल किट, एंबुलेंस, चिकित्सकीय दल तथा कूलर अथवा टॉवर एसी की व्यवस्था की जाएगी। सभी मतगणना केन्द्रों पर मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। मतगणना से पहले सभी सीयू, वीवीपैट मशीनों और संबंधित दस्तावेजों को स्ट्रॉन्ग रूम से लेकर काउंटिंग हॉल तक लाने और मतगणना पश्चात वापस स्ट्रॉन्ग रूम तक ले जाने की सीसीटीवी कवरेज की जाएगी। इसको टीवी या मॉनिटर पर देखा जा सकेगा। वहीं काउंटिंग हॉल में मतगणना प्रक्रिया की भी 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरा या वीडियोग्राफी से कवरेज की जाएगी।

## जरूरी खबर

### फायर सेफ्टी में खामी पर 25 भवनों पर चालान



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने अग्निशमन सुरक्षा यंत्रों में खामी पाए जाने पर गुरुवार को 25 कॉमर्शियल भवनों के खिलाफ कार्रवाई की। उपायुक्त फायर युगांतर शर्मा ने बताया कि निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर फायर शाखा के अधिकारियों के साथ गुरुवार को हेरिटेज निगम क्षेत्र में चारों जोन में 70 कॉमर्शियल भवनों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान भवनों में फायर सेफ्टी में खामी नजर आई। ऐसे में 25 भवनों का पांच-पांच हजार रुपए का चालान किया गया। उपायुक्त युगांतर शर्मा ने बताया कि गुरुवार को हवामहल आमेर जोन में नौ, सिविल लाइन जोन में 6, आदर्श नगर जोन में 3 और किशनपोल जोन में 7 भवनों पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण में सीएफओ देवेन्द्र मीणा, एएफओ घनश्याम, कुलदीप और फायर शाखा के दीपचंद, रमेश शर्मा मौजूद रहे।

### गंदगी फैलाने वालों से वसूले 64600 रुपए

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने गुरुवार को सड़क पर गंदगी फैलाने और प्लास्टिक थैली रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 64600 रुपए कैरिंग चार्ज वसूल किया। हेरिटेज निगम अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने गुरुवार को कार्रवाई की, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 41 हजार 700 रुपए और वॉच राइडर ने 22900 रुपए का चालान किया है। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आठ किमी लंबे एरिया में हेरिटेज निगम चलाएगा विशेष सफाई अभियान

# कनक वृंदावन से नाहरगढ़ तक लगेगी 'स्वच्छता की झाड़'

बेधड़क | जयपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून को हेरिटेज नगर निगम नाहरगढ़ पर विशेष वृहद सफाई अभियान चलाएगा। इस दौरान सुबह छह से नौ बजे तक कनक वृंदावन घाटी से नाहरगढ़ किले तक करीब आठ किलोमीटर लंबे क्षेत्र में यह विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान को लेकर अतिरिक्त आयुक्त डॉ. रौनक बैरागी ने बताया कि सफाई अभियान को लेकर हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर कार्यक्रम संयोजन टीम बनाई गई है। सफाई अभियान के लिए हवामहल- आमेर जोन उपायुक्त करतार सिंह को नोडल ऑफिसर बनाया है। साथ ही निगम के सभी जोन उपायुक्त और शाखा प्रभारियों को भी अन्य जिम्मेदारियां दी गई है। श्रमदान में आने वाले लोगों के लिए जलमहल पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। वहीं, से टीम बनाकर निगमकर्मी और शहरवासी सफाई के लिए जाएंगे। इस दौरान श्रमदान करने वाले लोगों के लिए दो जगह हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी।




### शहरवासियों से श्रमदान की अपील

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि इस विशेष सफाई अभियान में हेरिटेज निगम के स्वच्छता प्रहरी, निगमकर्मी, अधिकारी, सतर्कता सदस्य भी श्रमदान करेंगे। आयुक्त सुराणा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर होने वाले वृहद सफाई अभियान को लेकर आमजन से अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने और जयपुर के एतिहासिक धरोहरों को सहेजने लिए पांच जून को नाहरगढ़ में होने वाले सफाई अभियान में श्रमदान शहरवासी हिस्सा लें, जिससे कि सभी मिलकर नाहरगढ़ को स्वच्छ और कचरा मुक्त बना पाएं।

### 26 को भी चलाया सफाई अभियान

हेरिटेज नगर निगम की ओर से 26 मई को भी नाहरगढ़ किले परिसर से सन प्वाइंट तक सफाई अभियान चलाया गया था, जिसमें निगमकर्मियों ने सफाई कर दो टन कचरा इकट्ठा किया था। वहीं, किले के पास दो कैंटीन के कचरा फैलाने पर चालान भी किया गया था।

### हर आधा किमी पर होगा सफाई का जोन

सफाई के लिए कनकघाटी टी प्वाइंट से नाहरगढ़ किले तक के पूरे मार्ग को दस जोन में बांटा जाएगा। प्रत्येक जोन में 100 से 150 लोगों की टीम के रूप में श्रमदान कर नाहरगढ़ को प्लास्टिक और गंदगी मुक्त करेंगे। प्रत्येक 500 मीटर पर सफाई का जोन बनाया गया है, जिसमें जोन प्रभारी अपनी टीम के साथ सफाई करेगा। इनके साथ हूपर भी होगा।

## न अफसरों के कामकाज का आकलन और ना ही तैयार हो रहा रिपोर्ट कार्ड

# सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामी में खो गई 'मासिक टेस्ट' योजना

- दुष्कर्म केस सॉल्व करने पर सबसे ज्यादा अंक और ट्रैप की कार्रवाई होने पर होती थी थानों की माइनस मार्किंग
- मुख्यालय हर माह 18 मापदंडों के आधार पर जारी करता था रैंकिंग

बेधड़क | जयपुर

जनता से सीधा जुड़ाव करके आमजन को राहत देने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा शुरू किया गया 'मासिक टेस्ट' अफसरों के रिटायरमेंट के बाद ही कागजों में दफन हो गया। दरअसल पुलिस मुख्यालय ने वर्ष 2013 में तत्कालीन डीजीपी ओमेन्द्र भारद्वाज के कार्यकाल में पुलिस थानों व जिलों में तैनात अफसरों के कामकाज का आंकलन करने के लिए कार्य मूल्यांकन योजना शुरू की थी।

इस योजना का पूर्व डीजीपी कपिल गर्ग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने प्रजेंटेशन दिया था। इसके बाद मोदी ने सभी राज्यों की पुलिस कार्य मूल्यांकन योजना प्रणाली लागू करके अफसरों के कामकाज का आंकलन करने और उसके आधार पर ही पोस्टिंग करने के निर्देश दिए थे। गर्ग के रिटायरमेंट के बाद डीजीपी पद पर भूपेन्द्र यादव, एमएल लाठर व उमेश मिश्रा रहे, लेकिन उन्होंने अफसरों के कामकाज का आंकलन करके उनके पोस्टिंग करना उचित नहीं समझा। पुलिस मुख्यालय ने कामकाज के आंकलन के लिए 18 मापदंड तय किए थे। इन मापदंडों के 100 अंक थे। इसके आधार पर हर माह रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा था और जिलों की रैंकिंग तय की जा रही थी। अंक निर्धारित करने की जिम्मेदारी एससीआरबी को दी गई थी, लेकिन चार साल से अफसर सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामी होने का बहाना बना रहे है।

### कानून व्यवस्था बिगड़ने पर भी अंक निर्धारित

पुलिस व जनता की बीच भागीदारी के लिए 5-5 अंक तय किए गए थे। सीएलजी मीटिंग नहीं लेने पर माइनस 5 अंक हर माह तैयार किए जाने वाले रिपोर्ट कार्ड में दिए जा रहे थे। वहीं कानून व्यवस्था को लेकर अगर घटनास्थल पर एसपी-डीसीपी रैंक के अफसर के जाने पर माइनस 5 अंक और आईजी व कमिश्नर के पहुंचने पर माइनस 20 अंक की रिपोर्ट कार्ड में कटौती किए जाने का प्रावधान है।




### लोगों के सत्यापन हो गए थे आसान

पड़ताल में सामने आया कि रिपोर्ट कार्ड में कागजों के सत्यापन का भी मापदंड तय किया गया था। सात दिन के भीतर सत्यापन होने पर थाने को 8 अंक दिए जाने और 80 फीसदी पेंडेंसी होने पर माइनस 10 अंक दिए जाने का प्रावधान था। सत्यापन के अच्छे अंक मिलने से कागजों का सत्यापन तय समय से पहले हो जाता था। इसका लोगों को भी फायदा मिल रहा था।

### काम नहीं करने पर होती थी माइनस मार्किंग


पड़ताल में सामने आया कि योजना के तहत दुष्कर्म के केस सॉल्व करने पर सबसे ज्यादा अंक मिलते तो थाने में ट्रैप की कार्रवाई करने या फिर किसी पुलिसकर्मी के निलंबित होने पर माइनस मार्किंग का प्रावधान था। ट्रैप की कार्रवाई होने पर माइनस 50 अंक और पुलिसकर्मी के निलंबित होने पर माइनसव 20 अंक की मार्किंग की जा रही थी, जबकि दुष्कर्म व महिला अपराध का निस्तारण 15 दिन के भीतर करने पर सबसे ज्यादा 10 अंक मिलते थे। महिला अपराधों का 60 फीसदी से ज्यादा निस्तारण नहीं करने पर भी माइनस मार्किंग की जा रही थी। इस मार्किंग के कारण जिलों व थानों में रैंकिंग में टॉप पर आने के लिए होड़ मचने लग गई थी, लेकिन अफसरों के रिटायरमेंट के बाद अफसरों ने निगरानी करना ही बंद कर दिया।

## गलत किडनी ऑपरेशन का मामला

# ईद बानो का अब SMS हॉस्पिटल में होगा इलाज

बेधड़क | जयपुर

झुंझुनूं में किडनी का गलत ऑपरेशन करने के मामले में पीड़ित महिला रोगी ईद बानो का अब जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज किया जाएगा। इस मामले में सरकार ने मेडिकल बोर्ड बनाया है, जिसने रिपोर्ट दी है कि रोगी का इलाज नेफ्रोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट और क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट की निगरानी में करना जरूरी है। इसे देखते हुए झुंझुनूं से रोगी को लाइफ सपोर्ट एम्बूलेंस से सवाई मानसिंह अस्पताल लाया गया। हेल्थ डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) शुभ्रा सिंह ने इस मामले में इलाज न करने और रोगी को डिस्चार्ज करके घर भेजने के मामले में बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों और नर्सिंग प्रभारी को नोटिस जारी किया है।




दरअसल कुछ दिन पहले झुंझुनूं निवासी ईद बानो की किडनी का झुंझुनूं के धनकड़ अस्पताल में गलत ऑपरेशन कर दिया था। ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर ने खराब किडनी के बजाए सही किडनी निकाल दी, जिससे महिला की स्थिति बिगड़ गई। इसके बाद सरकार ने इस हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया था। वहीं, इसके बाद जब पीड़ित मरीज इलाज के लिए जयपुर पहुंची तो यहां एसएमएस में इलाज के लिए आई, जहां उसे एक दिन बाद उसे छुट्टी दे दी गई। छुट्टी मिलने के बाद मरीज ने बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज करवाया, जहां से भी उसका इलाज किए बिना उसे डिस्चार्ज कर दिया। सरकार ने इस मामले में इलाज न करने पर बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के मेडिसिन यूनिट के हैड डॉ. बाल किशन गुप्ता, नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र फलोदिया और नर्सिंग प्रभारी रमजान तंवर के खिलाफ एक्शन लिया है। इन तीनों को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के प्रिंसिपल ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## बी-2 बाइपास फेज-2 शुरू, आमजन के लिए खोला रास्ता

# अब दुर्गापुरा से सीधे जा सकेंगे सांगानेर

बेधड़क | जयपुर

टोंक रोड पर दुर्गापुर से सांगानेर की तरफ जाने वाली सड़क को आम जनता के लिए खोल दिया गया है। इसके साथ ही जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को बी-2 बाइपास सिग्नल फ्री प्रोजेक्ट के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है।

अब टोंक रोड के बी-2 बाइपास चौराहे पर वाहन चालकों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। आश्रम मार्ग से तारों की कूंट की तरफ जाने वाले ट्रैफिक को जवाहर सर्किल से डायवर्ट नहीं होना पड़ेगा। दरअसल, टोंक रोड से शहर में एंट्री के लिए यह सबसे बड़ा चौराहा है। इस प्रोजेक्ट से पहले चौराहे पर 2 से 3 मिनट का सिग्नल रहता था। जेडीए की ओर से इसे सिग्नल फ्री करने के लिए 155 करोड़ की लागत से मानसरोवर से जवाहर सर्किल तक अंडरपास और तारों की कूंट, आश्रम मार्ग पर दो क्लोवर लीफ का निर्माण किया जा रहा है। फिलहाल अंडरपास और टोंक रोड से सीधे सांगानेर आने-जाने के लिए 300 मीटर का रास्ता ही खोला गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से बी-2 बाइपास सिग्नल फ्री प्रोजेक्ट को पिछले साल जुलाई तक पूरा किया जाना था, लेकिन प्रोजेक्ट में हुए आंशिक बदलाव की वजह से इसकी समय अवधि बढ़ाकर अब 30 जून 2024 कर दी गई है। अब तक फेज वन अंडरपास और फेज टू दुर्गापुरा से सांगानेर के रूट को आम जनता के लिए शुरू कर दिया गया है। वहीं अब क्लोवर लीफ का निर्माण बाकी रहा है, जिसके पूरा होने के बाद ही जयपुराइट्स का लंबा इंतजार खत्म होगा।

## राष्ट्र सेविका समिति ने निकाला पथ संचलन

# 260 युवतियों का आह्वान-सुपंथ पर बढ़े चलो

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्र सेविका समिति वायव्य क्षेत्र प्रबोध वर्ग का पथ संचलन गुरुवार को आगरा रोड के अग्रसेन मार्ग स्थित अग्रवाल पीजी कॉलेज से निकला। देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित संचलन में 260 युवतियों और किशोरियों ने भाग लिया।

'संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो' गीत की स्वर लहरियों के बीच कदमताल करती युवतियां हाथ में ध्वज थामे सधे कदमों से पंथ संचलन करती निकली तो हर किसी का गर्व से सीना चौड़ा हो गया। अग्रवाल कॉलेज, घाटगेट, रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट होते हुए पथ संचलन अग्रवाल कॉलेज पहुंचा। मार्ग में समाज के अलग-अलग समूहों ने पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया। अग्रवाल कॉलेज में राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सह शारीरिक प्रमुख वसुधा सुमन ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवतियों पर समाज की दोहरी जिम्मेदारी है। उसे दोनों जिम्मेदारियों को कर्तव्य और निष्ठा से पालन करना होगा। इस अवसर पर क्षेत्र कार्यवाहिका प्रमिला शर्मा, वर्गाधिकारी नर्मदा इंदौरिया, प्रांत कार्यवाहिका संगीता जांगिड़ उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि राष्ट्र सेविका समिति के 15 दिवसीय वर्ग का समापन शुक्रवार सुबह होगा।



## दौसा में मिला जयपुर से किडनैप 9 महीने का बच्चा

# दो शादी करने के बाद भी नहीं हुई संतान... उठाया दूसरे का 'कलेजा'

बेधड़क | जयपुर

पुलिस ने तीन दिन पहले किडनैप हुए 9 महीने की मासूम को ढूंढ लिया है। बच्चे को दौसा से बरामद किया गया है। बच्चे को किडनैप करने वाले पति राकेश कुमार (50) और पत्नी पायल (35) गिरफ्तार किया गया है, जो दौसा में बच्चे को छिपाने के लिए कमरा किराए पर लेकर रह रहे थे। बेटे की चाह में मासूम को किडनैप कर ले गए थे।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- सांगानेर चौराहा के पास पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। पुलिया निर्माण में मजदूरी पर लगे पति-पत्नी का 9 महीने का बेटा बेलागासा होटल के पास पुलिया के नीचे बड़े भाई के साथ खेल रहा था। 27 मई को दोपहर करीब 4:30 बजे मासूम को संभालने पर गायब मिला। काफी ढूंढने के बाद भी बच्चे का पता नहीं चला। 9 महीने के मासूम के लापता होने की सूचना एयरपोर्ट थाना पुलिस को मिली। पुलिस ने तुरंत आस-पास लगे सीसीटीवी खंगालना शुरू किया। बाइक सवार पति-पत्नी बच्चे को किडनैप कर ले जाते दिखे थे।



### 10 टीमें बनाकर दिया अलग-अलग टॉस्क

बच्चे की किडनैपिंग को लेकर पुलिस की 10 टीमें बनाकर अलग-अलग टास्क देकर भेजा गया। 100 से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम ने 500 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले। आखिर 72 घंटे में मासूम को ढूंढ निकाला। पुलिस ने किडनैप मासूम को छुड़वाया। किडनैप करने वाले आरोपियों को भी अरेस्ट किया।

### उठाने से पहले की बच्चे की रैकी

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि आरोपी रमेश कुमार और उसकी पत्नी पायल (35) मुंडली शिवदासपुरा के रहने वाले हैं। आरोपी दो शादियां कर चुका है। पहली पत्नी से चार बेटियां हैं। तलाक होने के बाद 2017 में दूसरी पत्नी पायल से शादी की थी, लेकिन दोनों के कोई बच्चा नहीं हुआ। करीब 10 दिन पहले टोंक रोड से गुजरते वक्त दोनों को कुछ बच्चे बेलाकासा के पास खेलते हुए दिखे। इसके बाद बेटे की चाहत में दोनों ने मौके पर रैकी करना शुरू कर दिया। बच्चों के माता-पिता पर नजर रखने लगे। वे कब आते हैं। कब जाते हैं। सभी बातों का ध्यान रखा। आखिर 27 मई को करीब 4:30 बजे 9 महीने के मासूम का किडनैप कर लिया। इसके बाद दौसा में किराए का कमरा लेकर रहने लगे। जिस बाइक से वारदात को अंजाम दिया, उसकी नंबर प्लेट भी बदल दी।

## जरूरी खबर

### पैंथर तीसरे दिन भी पकड़ से दूर, बंद रही पर्यटकों कीएंट्री




**जोधपुर।** माचिया सफारी पार्क में घुसा पैंथर गुरुवार को तीसरे दिन भी वन विभाग की पकड़ में नहीं आया है। यहां पैंथर ने गत रविवार रात को 13 काले चिंकारा का शिकार किया था। वन विभाग ने पार्क के कई क्षेत्रों में पैंथर को ट्रैक करने के लिए पिंजरे लगाए हैं। पार्क में पर्यटकों का प्रवेश आगामी आदेशों तक बंद कर दिया गया है। इधर, हिरणों की मौत पर वन्यजीव प्रेमियों ने रोष जताते हुए पार्क के बाहर प्रदर्शन किया। जोधपुर शहर के आसपास सबसे पहले गत 12 मार्च को पैंथर के पैरों के निशान देखे गए थे। उसके बाद कई जगहों पर ऑपरेशन भी चलाया, लेकिन पैंथर पकड़ में नहीं आया।

### प्रसव में गड़बड़ी से महिला की मौत, परिजन धरने पर

**सीकर।** जिले के रींगस कस्बे में धायल हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान हुई गड़बड़ी से महिला की मौत मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रसव के दौरान हुई गड़बड़ी के बाद महिला को जयपुर रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। इसको लेकर परिजन अस्पताल के सामने सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए। एडवोकेट सांवरमल चौधरी ने बताया कि पटवारी का बास निवासी बसंती देवी पत्नी सुरेश कुमार को 24 मई को रींगस के धायल हॉस्पिटल में प्रसव हुआ। यहां अनट्रेंड स्टाफ ने डिलीवरी कराई। हालत बिगड़ने पर जयपुर रेफर किया।

### अभियान के तहत वकीलों ने कोर्ट में बांधे परिंडे



**चाकसू।** दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से 'परिंडा बांधो अभियान' के तहत गुरुवार को उपखंड न्यायालय परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडा लगाकर अभियान को गति प्रदान की गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा ने परिंडा बांध कर उसमें दाना-पानी की व्यवस्था नियमित रूप से बनाने रखने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर बार के महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चौधरी, पूर्व महासचिव श्रवण लाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, सत्य प्रकाश पारीक, गोविंद नारायण विजय, संजय नैनवाल उमाशंकर चौधरी, ऋषभ जैन, विनोद चौधरी, जितेश शर्मा, सीपी टेलर आदि अधिवक्ता एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

---

**जंगल से आई खुशखबरी:** एक ही दिन में दिखे पांच और शावक... अब बाघों का कुनबा बढ़कर हुआ 40

# बाघों से आबाद सरिस्का... एक दिन में दिखे पांच नए 'मेहमान'

**बेधड़क** | अलवर

सरिस्का टाइगर रिजर्व के लिए गुरुवार का दिन बड़ी खुशखबरी लेकर आया। यहां एक ही दिन में दो अलग-अलग बाघिनों के पांच नए शावक कैमरा ट्रैप में दिखाई दिए। एक दिन पहले बुधवार को दो नए शावक नजर आए थे।

इस प्रकार सरिस्का में अब बाघों का कुनबा बढकर 40 पहुंच गया है। इनमें 11 मेल, 14 फीमेल बाघ तथा 15 शावक हैं। सरिस्का टाइगर रिजर्व के डीएफओ महेन्द्र शर्मा ने बताया कि बाघिन एसटी-12 का एक शावक कैमरा ट्रैप में दिखाई दिया। वहीं बाघिन



एसटी-22 चार शावकों के साथ कैमरा ट्रैप में नजर आई है। बाघिन एसटी-12 एवं बाघिन एसटी-22 दोनों ही सरिस्का की बाघिन एसटी-10 की संतान हैं और दोनों ही बाघिनें तालवृक्ष रेंज में घूमती हैं। सरिस्का में बाघों के 40 कुनबे में ज्यादा बाघ बाघिन एसटी-10 की संतान रही हैं।

### दो दिन में दिखे सात शावक

सरिस्का के इतिहास में बुधवार एवं गुरुवार के दिन महत्वपूर्ण हैं। कारण कि पहली बार दो दिनों में सात नए शावक दिखाई दिए हैं। बुधवार को बाघिन एसटी-27 के साथ दो शावक कैमरा ट्रैप में दिखाई दिए थे। सरिस्का में दो नए शावक मिलने की वन्यजीव प्रेमियों को हुई खुशी अभी थमी भी नहीं कि गुरुवार को बाघिन एसटी-12 का एक शावक कैमरा ट्रैप में दिखाई दे गया। बाघिन एसटी-12 के तीन शावक गत 13 मार्च को दिखाई दिए थे। वहीं एक शावक बुधवार को कैमरा टैप में दिखाई दिया। यानी बाघिन एसटी-12 ने भी गत मार्च में चार शावकों को जन्म दिया था। वहीं बुधवार को ही बाघिन एसटी-22 के चार शावक कैमरा टैप में नजर आए।

### सीएम भजनलाल ने दी बधाई

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरिस्का टाइगर रिजर्व में नए शावकों के जन्म के साथ बाघों की संख्या में वृद्धि होने पर प्रदेशवासियों एवं वन्यजीव प्रेमियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए शावकों के जन्म से सरिस्का में अब बाघों की संख्या 40 हो गई है। हमारी सरकार बाघों के संरक्षण, संवर्धन सहित उनके अस्तित्व के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। सरिस्का में एक ही दिन में पांच नए शावक दिखने पर वन मंत्री संजय शर्मा ने खुशी व्यक्त की है। मंत्री शर्मा ने दो दिनों में सात नए शावक दिखाई देने को अलवर जिले के लिए शुभ बताया है। उन्होंने कहा कि सरिस्का में बाघों की संख्या बढ़ने से यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, इससे स्थानीय लोगों का रोजगार भी बढ़ेगा।

---

**बदमाशों ने अलग-अलग राज्यों में की** 100 से अधिक वारदातें

# कुख्यात अंतरराज्यीय नकबजन सहित गैंग के चार शातिर पकड़े

**बेधड़क** | अजमेर

पुलिस ने कुख्यात अंतरराजीय नकबजन सतपाल फौजी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त कार और चोरी के 15 से 16 लाख रुपए कीमत के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक नकबजन फौजी राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक समेत कई राज्यों में 100 से ज्यादा नकबजनी की वारदात को अंजाम दे चुका है।

अजमेर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि 22 मार्च को किशनगढ़ में आरके मार्बल में काम करने वाले वीरेंद्र सिंह सोडा के घर पर नकबजनी की वारदात हुई थी। सोडा आरके मार्बल कॉलोनी में रहते हैं। पीड़ित वीरेंद्र सिंह सोडा ने मदनगंज थाने में 23 मार्च को मुकदमा दर्ज करवाया। सोडा ने पुलिस को बताया कि घर से 75 हजार रुपए नगद और 21 तोला सोना और 1 किलो चांदी नकबजन चुराकर ले गए। उन्होंने बताया कि इसी तरह की वारदात मंगलम कॉलोनी और गणपति कॉलोनी में भी हुई थी। इस मामले



में एडिशनल एसपी ग्रामीण दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने वारदात क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी खंगाले और मिले अन्य सुराग पर मेहनत की। तब टीम के सामने कुख्यात नकबजन सतपाल फौजी का नाम सामने आया। मामले में अनुसंधान करते हुए टीम गुड़गांव पंहुची और सतपाल फौजी समेत चार नकबजन को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मानेसर थाने में दर्ज हैं 29 मुकदमे

एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि आरोपी फौजी ने किशनगढ़ के अलावा बीकानेर, उदयपुर, जयपुर, महाराष्ट्र, गोवा कर्नाटक समेत कई राज्यों में 15 से अधिक वारदात करना कबूल किया है। उसका आपराधिक रिकार्ड भी मानेसर पुलिस से मंगाया गया, जहां फौजी के खिलाफ 29 मुकदमे दर्ज हैं। इनके अलावा कई मुकदमे रिकॉर्ड में दर्ज करना बाकी है।

### वारदात से पहले करते थे रेकी

एसीपी बिश्नोई ने बताया कि वारदात करने से पहले गैंग रेकी करती है। उसके बाद गैंग सूने मकान में दिन-दहाड़े वारदात कर निकल जाते हैं। उन्होंने बताया कि सतपाल फौजी हार्डकोर अपराधी है। उसके खिलाफ हत्या समेत कई अपराध दर्ज हैं। आरोपियों से पूछताछ में अनेक वारदातों के खुलासे की संभावना है।

### हर वारदात में अलग गुर्गे रखता था साथ

एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि सतपाल फौजी हर वारदात में अलग गुर्गे अपने साथ रखता था। हरियाणा के गुरुग्राम क्षेत्र के मानेसर सेक्टर-7 निवासी सतपाल सिंह उर्फ सतपाल फौजी के साथ झुंझुनू के बग्गड़ निवासी विकास शर्मा, हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में खेड़ी तलवाना गांव निवासी विक्रमजीत और हरियाणा जिले के गुरुग्राम में हेलीमंडी निवासी जितेंद्र उर्फ जॉनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जितेंद्र ने चोरी का माल खरीदना कबूल किया है। आरोपियों के पास से एक कार और 16 लाख रुपए के सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

---

**जेल में कैदी की मौत का मामला**

## दूसरे दिन भी कारागार के बाहर बैठे रहे परिजन, विधायक भी धरने में डटे



**बेधड़क** | बाड़मेर

हत्या केस में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे जय सिंह की जिला जेल में मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दूसरे दिन भी मृतक के परिजन समाज के लोगों के साथ जिला कारागृह के आगे धरने पर बैठे रहे। वहीं, बुधवार से शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी धरना स्थल पर डटे हुए हैं।

दरअसल, बुधवार सुबह जिला कारागृह में हत्या के मामले में बंद कैदी जय सिंह की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया। साथ ही जिला कारागृह के आगे धरने पर बैठ गए। मृतक के परिजनों और समाज के लोगों के साथ शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी समेत बड़ी संख्या में लोग बुधवार से ही कारागृह के आगे धरने पर बैठे रहे। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने धरने पर बैठे लोगों से वार्ता भी की, लेकिन यह वार्ता विफल रही। इधर, गुरुवार सुबह से ही दोबारा वार्ताओं का दौरा शुरू हो गया, लेकिन शाम तक कोई सहमति नहीं बन पाई। धरने पर बैठे लोगों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। नियमानुसार इस मामले की न्यायिक जांच प्रक्रिया शुरू हो गई है। विधायक रविंद्र भाटी ने कहा कि जय सिंह की तबीयत खराब थी, इसके बावजूद जेल प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जेलर सहित स्टाफ और डॉक्टर की गंभीर लापरवाही रही है। ऐसे में दोषियों को निलंबित कर उनके खिलाफ केस दर्ज किया जाए। भाटी ने कहा कि हमारी केवल एक ही मांग है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। विधायक भाटी ने कहा कि जेल में अभी भी कई ऐसे बंदी है, जिन्हें चिकन पॉक्स हुआ है। उनके लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

---

**28वीं पुण्यतिथि पर शहीद सुखराम को** श्रद्धासुमन अर्पित

## लाड़ले की वीरता को किया नमन

**बेधड़क** | सांचौर

जिले के निकटवर्ती गांव दाता में शहीद स्मारक पर मां भारती के लाडले शहीद सुखराम विश्नोई की 28वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजली कार्यक्रम आयोजन आयोजित किया गया। इसमें उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार एवं जिला परिषद के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी हनुमान बेनीवाल भी मौजूद रहे।

दीप प्रज्वलन के बाद शहीद को पुष्पांजलि एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रदांजलि अर्पित की गई। शहीद सुखराम का जन्म 8. जुलाई 1974 को सांचौर के नैनोल गांव में सरूपा राम जाणी के घर में हुआ। मात्र 22 वर्ष की



उम्र में 30 मई 1996 को जम्मू कश्मीर में मां भारती की रक्षा के लिए शहीद सुखराम ने अपने प्राणों की आहुति लगा दी। उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार ने शहीद की बहादूंरी पर गर्व महसूस करते हुए कहा कि हमारा देश ऐसे वीर सपूतों के बलबूते पर ही सुरक्षित रहा है। राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के सचिव लादूराम भादू ने शहीद स्मारक को निखारने के लिए भामाशाहों के सहयोग से करने का प्रस्ताव रखा।

इस पर आगामी मानसून में पौधारोपण करने के लिए सहमति जताई। इसके लिए भामाशाहों ने 1 लाख रुपए तक के सहयोग की घोषणा भी की। विइस मौके पर पार्षद बीरबल विश्नोई, मोतीराम चौधरी, कैप्टन हरिराम, पूर्व सरपंच ईश्वरलाल मांजू, छगनलाल सोनी, नैनोल सरपंच प्रतिनिधि भाणाराम देवासी, बाबूलाल जाणी, गजेन्द्र विश्नोईसहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

---


**रील बनाने का जुनून... युवक ने जोखिम में डाली कई जानें**

## चलती कार की स्टीयरिंग छोड़ छत पर बैठा

**बेधड़क** | झालावाड़

सोशल मीडिया पर एक स्टंट करते युवक का वीडियो सामने आया है, जिसमें युवक कार की स्टीयरिंग छोड़कर गाड़ी की छत पर खड़ा हो जाता है। इस दौरा कार बिना ड्राइवर के सड़क पर दौड़ती रहती है।

वीडियो सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने और मानव जीवन को संकट में डालने का मामला दर्ज किया है। शहर कोतवाली प्रभारी चंद्र ज्योति शर्मा ने बताया कि वीडियो में युवक और कार की पहचान हो चुकी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक



रिचा तोमर ने कहा कि खुद के साथ दूसरों की जान जोखिम में डालने वाला स्टंट करते दिख रहा युवक झालावाड़ का ही निवासी है, जो अपराधिक गतिविधियों को लेकर पूर्व में भी झालावाड़ कोतवाली के चक्कर काट चुका है। तोमर ने कहा कि सड़कों पर बाइक या कार के साथ जानलेवा स्टंट दिखाना अपराध की श्रेणी में आता है। वीडियो में न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि स्टंट दिखा रहे युवक के साथ ही सड़क पर गुजर रहे आम आदमी की भी जान को खतरा था। स्टंट में दिख रहे युवक और गाड़ी नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक और युवक की तलाश कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने मनचले और जूनूनी युवाओं से अपील की है कि वह सड़क पर इस तरह के जानलेवा स्टंट करने से बचें नहीं तो उन्हें पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में युवा खुद की और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं, जिनसे उन्हें बचना चाहिए।

### डराने वाला है स्टंट

वीडियो युवक का दिख रहा स्टंट डराने वाला है। यह कालीसिंध नदी की पुलिया का बताया जा रहा है। इसमें एक कार चालक पहले कार का फाटक खोलता है और स्टीयरिंग छोड़कर चलती हुई कार की छत पर बैठ जाता है। इस दौरान तेज रफ्तार कार बिना ड्राइवर के ही सड़क पर दौड़ती नजर आ रही है। लापरवाही से भरे इस स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट किया गया है।

---

**कुचामन सिटी के एक खेत में देख बुजुर्गों ने कहा...**

# प्राचीन लोक मान्यता: टिटहरी का अंडे देना अच्छे मानसून का श्रेष्ठ संकेत

**बेधड़क** | कुचामनसिटी

ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग बिना अखबार और टीवी के मौसम का पूर्वानुमान लगाने का दावा करते हैं। ग्रामीण बुजुर्गों का मानना है कि ऐसी कई विधि है, जिससे मौसम का पता चल जाता है।

टिटहरी के अंडों को देखकर बुजुर्गों के अनुसार लोग मौसम का अनुमान लगाते हैं। इस बार भी टिटहरी के चार अंडे दिखाई दिए हैं। ऐसे में अच्छे मानसून की उम्मीद की जा रही है। किसान परसाराम बुगालिया ने बताया कि बुजुर्गों के अनुसार टिटहरी जितने अंडे देती है, उतने महीने बारिश होती है। टिटहरी अगर दो अंडे देती है तो माना जाता है कि मानसून की अवधि दो माह रहेगी। टिटहरी ने



इस वर्ष चार अंडे दिए हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार बरसात का मौसम चार महीने का रहेगा। यह अच्छे मानसून रहने के संकेत हैं। मान्यता ये भी है कि किसी नदी की धारा या पानी के बहाव क्षेत्र में अगर टिटहरी अपने अंडे रख देती है और जब तक अपने अंडों को नहीं तोड़ती है तब तक अच्छी और पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं होती।

### निचले स्थान पर अंडे दे तो बारिश कम

किसान परसाराम बुगालिया और छिगनाराम बुगालिया का कहना है कि बुजुर्ग किसानों के अनुसार यह भी माना जाता है कि अगर टिटहरी निचले स्थान पर अंडे देती है तो उस साल बारिश कम होगी। अगर यह अंडे जमीन के ऊंचे स्थान पर या खेतों की मेड़ पर देती है तो उस साल भरपूर बरसात होने की संभावना होती है। यह वैज्ञानिक शोध का विषय भी है। टिटहरी सहित कुछ पक्षियों में मौसम का पूर्वानुमान लगाने की अद्भुत क्षमता होती है। किसान टिटहरी के अंडों को देखकर जमाने से मानसून का पूर्वानुमान लगाते आ रहे हैं। खेत की जुताई करते समय यदि किसान को टिटहरी के अंडे दिख जाएं तो वह उस जगह की जुताई नहीं करते। किसान टिटहरी के अंडों को कोई नुकसान भी नहीं पहुंचाते हैं।

### मिट्टी के ढेलों से भी लगाते हैं पूर्वानुमान

वेद पुराणों के जानकार कर्सन गोपाल तिवाड़ी बताते हैं कि जिस दिन अंडा दिख जाता है, इस दिन कोई भी शुभ काम बिना पंचांग देखे किया जा सकता है। इसी दिन किसान खरीफ की खेती का काम भी शुरू करते हैं। किसान इस दिन हुई वर्षा से जमीन और उस पर बने मिट्टी के ढेले गीले होने के आधार पर पता लगा लेते हैं कि इस वर्ष कौन से माह में कितनी वर्षा होगी। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान वराह धरती माता को ऊपर लेकर आए थे। अक्षय तृतीया के दिन किसान मिट्टी की चार ढेले अपने खेतों से लाते हैं और सभी मिट्टी के ढेलों का महीनों के हिसाब से नामकरण करते हैं। इसमें आषाढ़, सावन, भादों और कुआर। चारों महीने की मिट्टी के टीले में जो जिस तरीके से गीला होता है, उस हिसाब से किसान मान लेते हैं कि कितनी बारिश किस महीने में संभावित है।

### चींटियों का झुंड और चिड़िया भी देती है बारिश का संकेत

पूर्वकाल में जब तकनीक इतनी विकसित नहीं थी तब प्रकृति के संकेतों से बारिश का पूर्वानुमान लगा लिया जाता था। जयपुर में झोटवाड़ा स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर के महंत एवं ज्योतिष मर्मज्ञ पं. केदारनाथ दाधीच ने बताया कि प्राचीन काल से प्रकृति में होने वाले परिवर्तन से बारिश या मानसून का पूर्वानुमान लगाने की परंपरा भारतवर्ष में रही है। हमारे वेद-पुराणों में भी इसका उल्लेख किया गया है। वहीं लोक मान्यता के अनुसार भी प्रकृति के बदलावों से मानसून की स्थिति का आंकलन किया जा सकात है। उन्होंने कहा कि मानसून के अनेक संकेत हमें प्रकृति से मिलते हैं। इसमें चींटियों का झूंड एक कतार में ऊपर की ओर जाए और चींटियों के मुहं पर सफेद अंडा हो तो मूसलाधार बारिश होने का संकेत मिलता है। वहीं चिड़िया मिट्टी में नाचती हुई गड्ढा बनाती दिखे तो यह भी तेज बारिश का संकेत है। जब मटके में पानी गरम रहने लग जाए तो यह वर्षाकाल शुरू होने का संकेत देता है। इसी प्रकार गायों पर मख्खियों का झूंड मडराने लगे तो इससे भी तेज बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है।

## स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने शिक्षा संकुल में जारी किया परिणाम

# 5वीं और 8वीं बोर्ड में भी चमके हमारे सितारे

बेधड़क | जयपुर

स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने गुरूवार दोपहर तीन बजे शिक्षा संकुल में प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5) एवं प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8) बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया। यह परिणाम शाला दर्पण पोर्टल तथा पीएसपी पोर्टल पर देखा जा सकेगा। परिणाम जारी होने के साथ ही प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूल से जुड़े करीब 27 लाख स्टूडेंट्स का इंतजार खत्म हो गया। हांलाकि तकनीकी कारणों से रिजल्ट काफी देर तक वेबसाइट पर अपलोड नहीं हो सका। दरअसल कक्षा 8 की परीक्षा गत 28 मार्च से 04 अप्रेल तक एवं कक्षा 5 की परीक्षा 30 अप्रेल से 05 मई तक आयोजित की गई थी। सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि कक्षा 5 में 1435696 परीक्षार्थी सम्मिलत हुए। जिनमें से 1393423 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षा परिणाम 97.06 प्रतिशत रहा। राजकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 96.79 प्रतिशत रहा। जबकि निजी विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 97.40 प्रतिशत रहा। प्रविष्टि छात्राओं का परीक्षा परिणाम 97.23 प्रतिशत जबकि छात्रों का 96.89 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम 33 जिला डाईट के आधार पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा पूनम प्रसाद सागर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा जयपुर जगदीश मीणा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





### पांचवीं कक्षा में इन जिलों का परिणाम रहा सर्वाधिक

परीक्षा में दौसा, सीकर, अजमेर, प्रतापगढ़ और चूरू डाईट के क्षेत्राधीन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम सर्वाधिक रहा है। कुल 9538 परीक्षार्थियों का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया। जिनका परिणाम बाद में जारी किया जाएगा।

### साइट हुई क्रैश, रात तक भी नहीं देख पाए रिजल्ट

इधर, रिजल्ट जारी करने के बाद इसका वेब पेज क्रेश हो गया। इससे परीक्षार्थी 3 बजे जारी किए गया अपना रिजल्ट रात तक भी नहीं देख पाए। रिजल्ट देखने के लिए परीक्षार्थी काफी इंतजार करते रहें। इससे थोड़ी मायूसी नजर आई।

### 5वीं में कोई फेल नहीं, आठवीं में होगा

बता दें कि 5वीं क्लास में इस बार भी कोई स्टूडेंट फेल नहीं किए गए हैं। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत किसी भी स्टूडेंट को फेल नहीं किया गया। जो स्टूडेंट एग्जाम में उपस्थित नहीं थे, उसे एक अवसर दिया जाएगा। फिर प्रमोट कर दिया जाएगा। 8वीं क्लास में स्टूडेंट्स को फेल किया गया। तय मार्किंग से कम मार्क्स लाने वाले स्टूडेंट्स को फिर से 8वीं में बैठना पड़ेगा। हालांकि इन स्टूडेंट्स को भी सप्लीमेंटरी का एक अवसर दिया जा सकेगा।

### यह है ग्रेडिंग सिस्टम

दोनों परीक्षाओं के परिणाम में परीक्षार्थी की अंकतालिका में अंकों को अंकन न किया जाकर ग्रेड वाईज अंकतालिका जारी की जाती है। दोनों परीक्षाओं में 5 पाइन्ट ग्रेडिंग सिस्टम A, B, C, D, E का निर्धारण किया गया है। कक्षा 5 में विभिन्न ग्रेड प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या क्रमशः (प्रतिशत में) A 31.59%, B 57.33%, C 8.12%, D 0.01% और कक्षा 8 में विभिन्न ग्रेड प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या क्रमशः (प्रतिशत में) A 21.05%, B 51.79%, C 22.69% D 0.20% रही।

### ई ग्रेड वालों की जुलाई में होगी पूरक परीक्षा

E ग्रेड वाले परीक्षार्थियों को कक्षा उत्तीर्ण करने का एक मौका दिया जाता है। उनकी पूरक परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। जिसका आयोजन जुलाई माह में किया जाएगा। गत वर्ष परीक्षा में कक्षा 5 का परीक्षा परिणाम 97.30 प्रतिशत तथा कक्षा 8 का परीक्षा परिणाम 94.50 प्रतिशत रहा था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में दोनों कक्षाओं के परीक्षा परिणाम में वृद्धि हुई है।

### आठवीं का रिजल्ट रहा 95.72 प्रतिशत

वहीं कक्षा 8 में 1250800 परीक्षार्थी सम्मिलत हुए। जिनमें से 1197321 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षा परिणाम 95.72 प्रतिशत रहा। राजकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 94.54 प्रतिशत रहा, जबकि निजी विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 97.38 प्रतिशत रहा। प्रविष्टि छात्राओं का परीक्षा परिणाम 96.39 प्रतिशत जबकि छात्रों का 95.14 प्रतिशत रहा। परीक्षा में सीकर, दौसा, अलवर, अजमेर, तथा नागौर डाईट के क्षेत्राधीन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम सर्वाधिक रहा। कुल 3550 परीक्षार्थियों का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया। जिनका परिणाम बाद में जारी किया जाएगा।

## BNN और KP पद्धति से करवाएंगे स्टॉलर एस्ट्रोलॉजी का ज्ञान



**जयपुर।** प्रदेश में पहली बार साउथ इंडिया की भृगुनंदी नाडी (बीएनएन) और कृष्णमूर्ति पद्धति (केपी) स्टॉलर एस्ट्रोलॉजी बच्चों को पढ़ाई जाएगी। इसकी पहल चार्टर अकाउंटेंट पवन कुमार शर्मा राजधानी जयपुर से करने जा रहे हैं। पवन का कहना है कि कोरोना में दक्षिण भारत की इस पद्धति के बारे में जाना और अब उत्तर भारत के घर-घर तक इसे पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि लोग अंधविश्वास से निकल सकें। सीए पवन बताते हैं कि यह विद्या दक्षिण में अधिक चर्चित है। वहां माध्यमिक शिक्षा से ही इसका एक सब्जेक्ट परीक्षा में आता है। राजस्थान में भी यह विद्या घर-घर जानी जाए ताकि अपने कर्म का लेखा-जोखा हर व्यक्ति स्वयं निकाल सके। राजस्थान सरकार से इन विद्याओं को प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में जोड़ने पर विचार करें ताकि समय का ज्ञान हर व्यक्ति को बाल्यावस्था से ही मिलती रहे।

## मस्ती की पाठशाला में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की ओर से समर कैंप मस्ती की पाठशाला में बच्चों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। इस दौरान आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने भी बच्चों से संवाद किया और बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताया। गौरतलब है कि नगर निगम ग्रेटर द्वारा नवाचारों के तहत निशुल्क समर कैंप मस्ती की पाठशाला 27 मई से मालवीय नगर जोन में कैंप में आयोजित किए गए हैं। जहां 5 से 15 वर्ष के 170 बच्चो को निःशुल्क रूप से आत्मरक्षा के गुर, डांस, पेन्टिग, गुड टच बेड टच सहित 10 से भी अधिक विधाओं को सिखाया जा रहा है। गुरूवार को भी ट्रैफिक पुलिस की टीम ने यातायात नियमों के बारे में समझाया गया। आयुक्त ने बताया कि 1 से 20 जून तक अन्य जोनों में भी कैंप लगाये जायेगे। जिसमें बच्चों को गुड टच बेड टच, स्वच्छता का महत्व, आत्मरक्षा, वेस्ट टू बेस्ट क्राफ्ट, बैंक बेसिक, साइबर अपराध, कम्पोस्ट, डांस क्लास, कराटे, पेंटिग, बेसिक इंग्लिश इत्यादि सिखाई जायेगी। यह कैंप प्रातः 8.30 से 11.00 बजे तक नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र के जोन स्थित सामुदायिक केन्द्रों पर लगेंगे।



## RBSE दसवीं रिजल्ट में रावत स्कूल का फहरा परचम



रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल विवेक विहार एवं मानसरोवर के विद्यार्थियों ने कक्षा 10में उच्चतम नंबर प्राप्त करके सफलता का परचम फहरा दिया। रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल विवेक विहार के नीरज तिवारी , पीयूष यादव और नीतेश चौधरी ने 96% अंक प्राप्त कर टॉप 3 में जगह बनाई। वहीं मानसरोवर ब्रांच की मीना ज्ञानचंदानी ने 96.67%,वैष्णवी मोनानी ने 94.67% और वंदना प्रजापत ने 93.33% अंक प्राप्त कर विद्यालय और संपूर्ण रावत एजुकेशनल ग्रुप को गौरवान्वित किया। स्कूल की ओर से उत्कृष्ट रिजल्ट देते हुए 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने सभी विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर बधाई दी और शिक्षकों की सराहना की। सभी टॉप रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को विद्यालय में बुलाकर उनका सम्मान किया गया। विद्यार्थियो के साथ उनके अभिभावकों ने भी इस शानदार उपलब्धि को सराहा। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र सिंह रावत एवं नरेंद्र सिंह रावत ने सभी उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को बधाई दी। रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल विवेक विहार की प्रिंसिपल सुशीला नेगी और रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानसरोवर की प्रिंसिपल सुषमा चौहान ने अपनी पूरी टीम के प्रयासों को सराहा।

## श्रेष्ठ परिणाम वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने गुरूवार को बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम वाले जयपुर जिले के विद्यार्थियों को फूल-माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट एवं अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर, समग्र शिक्षा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा-10 के छात्र रोहित प्रजापत, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नेवटा, सांगानेर, प्राप्तांक 99 प्रतिशत, छात्रा सोनू मेहरा, कक्षा-10, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वाटिका, सांगानेर, प्राप्तांक 97.67 प्रतिशत, छात्र विजय प्रजापत, कक्षा-10, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वाटिका, सांगानेर, प्राप्तांक 96.83 प्रतिशत, छात्रा साक्षी देवतवाल, कक्षा-12, विज्ञान वर्ग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वाटिका, सांगानेर, प्राप्तांक 97.40 प्रतिशत, छात्रा दीप्ती नागोरिया, कक्षा-12, विज्ञान वर्ग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वाटिका, सांगानेर, प्राप्तांक 95.40 प्रतिशत एवं 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा मीनाक्षी बैरवा, कक्षा-12, विज्ञान वर्ग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वाटिका, सांगानेर शामिल थे।

## 99.33 प्रतिशत अंक लाकर निकिता ने किया दसवीं बोर्ड में जयपुर जिला टॉप



**जयपुर।** खुद को कर बुलन्द इतना कि हर तकदीर से पहले खुदा बन्दे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है। यह वाक्या चरितार्थ किया है जयपुर के शान्ति नगर स्थित एएस मेमोरियल सैकंडरी स्कूल की छात्रा निकिता तोमर ने। निकिता ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 99.33 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जयपुर जिले में टॉप किया है। स्कूल के डायरेक्टर अंकित सिंह और एचओडी अवंति सिंह ने बताया कि स्कूल की छात्रा निकिता तोमर की इस विशेष उपलब्धि से स्कूल के साथ जयपुर जिले और परिवार का नाम रोशन हुआ है। निकिता ने बताया कि सत्र के शुरू होने से ही वह रोजाना नियमित रूप से 4 से 5 घंटे अध्ययन करती थी और स्कूल की पढ़ाई के अलावा कभी कोई कोचिंग या ट्यूशन की पढ़ाई नहीं ली। निकिता ने बताया कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा के दौरान आंखों में प्रॉब्लम होने की वजह से लगभग दो माह तक उसकी पढ़ाई भी डिस्टर्ब हुई थी। लेकिन वह समस्याओं से घबराए बिना कड़ी मेहनत से अपना लक्ष्य हासिल कर पाने में कामयाब रही।

## विशाल कुमावत के 96.17 अंक, इंजीनियर बनने का सपना करना चाहते हैं पूरा



10वीं बोर्ड परीक्षा मे एशियन पब्लिक स्कूल महेश नगर जयपुर के छात्र विशाल कुमावत 510 मनोज कुमावत ने 96.17% अंक अर्जित कर जयपुर जिला व विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र विशाल कुमावत ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्या इन्द्रा यादव व माता-पिता, गुरुजनों को दिया है। विशाल कुमावत ने बताया कि मैंने नियमित 5-6 घंटे अध्ययन किया तथा अब इंजिनियर बनने का सपना पूरा करना है।




## महक शर्मा के 93% अंक, डॉक्टर बनने की है ईच्छा

चौमू। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बुधवार को जारी परिणाम में चौमू निवासी महक शर्मा पुत्री भवानी शंकर शर्मा ने 93%अंक प्राप्त किये हैं। महक के पिता भवानी शंकर शर्मा ने बताया की महक ने निरंतर 8 घंटे अध्ययन करते हुए यह मुकाम हासिल किया। महक आगे जाकर डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती है।

## दसवीं बोर्ड में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

चाकसू। न्यू गौतम विद्या पीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल की ओर से गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। इस मौके पर निदेशक सीआर सैनी ने दसवीं बोर्ड में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। निदेशक सैनी ने बच्चों प्रेरक उद्बोधन दिया। वहीं इस वर्ष विद्यालय के 10 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 6 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। गौरतलब कि छात्रा पूनम सैनी ने दसवीं में 88.50%, सुहाना खान 84.50%, खुशी मीणा 75.70%, रितु मीणा 71.87 तथा शीतल बैरवा ने 71.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।





## दूर बैठे डॉक्टर को भी पता लगेगा प्लस और बॉडी टेम्पर का

**जयपुर।** एसकेआईटी कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के फाइनल ईयर स्टूडेंट नव्या शर्मा, नीरज गर्ग, मनदीप हिंगोनिया, एवं माही जैन ने दीपक सैनी, असिस्टेंट प्रोफेसर (मेंटर) इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के नेतृत्व में "IoT बेस्ड हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम" का प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक किया है। इस प्रोजेक्ट के जरिए एक नवीनतम स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली प्रस्तावित की गई है। इसमें एक चिकित्सक दूरस्थ इलाकों के कई मरीजों के शरीर की पल्स दर और शरीर के तापमान की निगरानी कर सकता है। मेंटर दीपक सैनी ने बताया कि मरीज के स्वास्थ्य की जानकारी किसी भी समय किसी भी स्थान से IoT क्लाउड प्लेटफॉर्म से चिकित्सक द्वारा जांच कर आपातकालीन स्थिति में मरीज को प्राथमिक उपचार कि सलाह देकर गंभीर स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है।

**शिविर** | भवानी निकेतन में नया दृष्टिकोण वाले शिविर में भाग ले रहे हजारों साधक

# मशीनरी के लगाव ने परिवार में बढ़ाई दूरियां : मां गार्गी

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के भवानी निकेतन परिसर सीकर रोड़ में चल रहे नया दृष्टिकोण वाले शिविर में गुरुवार को अनूठा दृश्य देखने को मिला। यहां मंच से सन टू ह्यूमन की ओर से मां गार्गी ने परिवार का महत्व बताया और बड़ों को परिवार में सभी को कैसे मार्गदर्शन करना है यह भी समझाया। इस मौके पर उपस्थित अपने से कम उम्र के लोगों ने बड़ों को साष्टांग प्रणाम किया। वहीं बड़ों ने भी आशीर्वाद देते हुए उन्हें गले लगा लिया। ऐसा भाव विह्वल कर देने वाला दृश्य सबके सामने था, जिसमें सभी अपने बन गए और गले लगकर एक दूसरे का अभिवादन किया। इस अपनेपन के भावों के साथ ही कई साधकों की आंखों से आंसू छलक पड़े।



इस मौके पर मां गार्गी ने बताया कि हम आज मोबाइल, कंप्यूटर और ऐशो- आराम के कारण अपनों को भूल गए है। लंबे समय तक परिवार में बातचीत नहीं होना, इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आज व्यक्ति को मशीनरी से इतना लगाव हो गया है कि वह अपने बच्चों से भी बात करने का समय नहीं निकाल पा रहा है, इससे दूरियां बढ़ रही है। मां गार्गी ने कहा कि शरीर के मुख्य भाग ब्रेन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा आंखों की उर्जा ब्रेन तक लेकर जाना, हर समस्या का समाधान हमारा ब्रेन ही करता है इसी को समाधि कहा गया है। हम सोचते हैं कि समाधि का मतलब क्या है। जिस व्यक्ति को हर समस्या का समाधान आता है, वह बहुत ही गहरा व्यक्ति है।

### शरीर को सही रखने के करवाए प्रयोग

नया दृष्टिकोण शिविर में युवाओं में नई चेतना और जागृति के लिए गार्गी मां ने साधकों को शरीर पर चर्चा करते हुए नाभि झटका प्रयोग के साथ ही अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि इस दौरान गार्गी मां ने शरीर को सही रखने के प्रयोग भी करवाएं। आयोजन से जुड़े संजय माहेश्वरी, अजय मित्तल, नरेंद्र वैद्य, आलोक तिजारिया, विवेक लड्ढा, प्रमोद मालपानी ने भी बताया कि सभी साधकों ने मां गार्गी के निर्देशन में सूर्य वंदना, नटराज ध्यान, नाभि झटका और लंबी गहरी श्वास के प्रयोग करवाएं।

### ऊर्जा का सदुपयोग ही सबसे बड़ा कार्य

शिविर में मां गार्गी ने कहा कि आप जो भी भोजन करते हैं। वह बेहतर ही करें, इससे ऊर्जा बने। फिर ऊर्जा से घर को एक कर सकें, जिससे प्रेमभाव पैदा हो सकें और इससे हम हारमोनी हम बना सकते हैं। यह इतना बड़ा धन है की ऊर्जा के सही उपयोग से ही संभव है और ऊर्जा का सदुपयोग ही सबसे बड़ा कार्य है।

### परमआलय का आज विशेष संबोधन

शिविर में शुक्रवार को सुबह के सत्र 5 से 7:30 के दौरान परम आलय का विशेष संबोधन होगा। शिविर में अनेक साधक परिवार सहित भाग लेंगे

# नारी सशक्तीकरण की पक्षधर महारानी अहिल्याबाई होल्कर



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय संस्कृति में नारियों को उच्च, महत्वपूर्ण व गौरवमयी स्थान प्रदान कर उन्हें शक्ति, श्री, दुर्गा, भगवती, चण्डी आदि के रूप में प्रदर्शित, नमित, पूजित और आराध्यित किए जाने की एक महान, वृहत व लंबी परंपरा रही है। अनेक प्राचीन राजा- महाराजाओं ने इस परंपरा का बखूबी संरक्षण, संवर्द्धन, पालन व निर्वहन किया। मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी अहिल्याबाई होल्कर (31 मई 1725-13 अगस्त 1795) ने भी स्त्रियों को उनका उचित स्थान प्रदान करते हुए इस परंपरा का भरपूर संरक्षण, संवर्द्धन व निर्वहन किया। उन्होंने अपने शासन काल में नारी शक्ति का भरपूर उपयोग कर यह सिद्ध कर दिया कि नारियां किसी भी स्थिति में पुरुष से कम नहीं हैं। दस वर्ष की अल्पायु में ही मालवा में होल्कर वंशीय राज्य के संस्थापक मल्हारराव होल्कर के पुत्र खंडेराव के साथ परिणय सूत्र में बंधने के बाद से ही वे स्वयं भी पति के साथ रणक्षेत्र में उतरा करती थीं। 1754 ईस्वी में अपने पति खंडेराव के देहान्त के बाद भी वे युद्ध क्षेत्र में उतरकर सेनाओं का कुशल नेतृत्व करती थीं।

वह एक कुशल तीरंदाज और बहादुर योद्धा थीं। उन्होंने कई युद्धों में सेना का नेतृत्व करते हुए हाथी पर सवार होकर वीरता के साथ लड़ाईयां लड़ीं। अपने शासनकाल 1 दिसंबर 1767- 13 अगस्त 1795 (राज्याभिषेक 11 दिसम्बर 1767) में उन्होंने नारी कल्याण के लिए भी अनेक कार्य किए। रानी अहिल्याबाई के सिंहासनारूढ़ होने के पूर्व से किसी महिला के पुत्रहीन पति की मृत्यु हो जाने पर उसकी संपूर्ण संपत्ति राजकोष में जमा कर दिए जाने का शासकीय नियम था, परंतु अहिल्याबाई ने इस कानून को बदल दिया और मृतक की विधवा को यह अधिकार दिया कि वह पति द्वारा छोड़ी हुई संपत्ति की वारिश रहेगी और अपनी इच्छानुसार उसे अपने उपयोग में लाए और चाहे तो उसका सुख भोगे अथवा अपनी संपत्ति से जनकल्याण के काम करे। उन्होंने निःसंतान दंपतियों को दत्तक पुत्र के रूप में गोद लेने आदि

> *अहिल्याबाई के बयालीस-तैंतालीस वर्ष की उम्र में उनके पुत्र मालेराव का देहान्त हो गया। उनकी आयु बासठ वर्ष के लगभग थी, तब दौहित्र नत्थू चल बसा। चार वर्ष पीछे दामाद यशवंतराव फणसे की भी मृत्यु हो गई और पति के साथ इनकी पुत्री मुक्ताबाई सती हो गई। दूर के संबंधी तुकोजीराव के पुत्र मल्हार राव पर उनका बड़ा स्नेह था। अहिल्याबाई ने इन्हें अपना सेनापति बनाया और चौथ वसूल करने का काम उन्हें सौंप दिया, पर वह अंत तक उन्हें दुःख देता रहा।*


अनेक नियम भी बनाए। उन्होंने नारी सेना का भी गठन किया था। अहिल्याबाई की विशेष सेविका भी एक महिला ही थी। उनके शासनकाल में नदियों पर निर्मित घाट स्नान आदि में स्त्रियों के लिए पृथक व्यवस्था भी हुआ करती थी। स्त्रियों के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाता था। बालिका शिक्षा का जो घरों में थोड़ा बहुत चलन था, उसे विस्तार दिया गया। दान-दक्षिणा देने में महिलाओं का वे विशेष ध्यान रखती थीं। किसी स्त्री का पैरों पर गिर पड़ना अहिल्याबाई को कतई पसन्द नहीं था। किसी महिला के द्वारा ऐसा किए जाने पर वे तुरंत अपने दोनों हाथों का सहारा देकर उसे उठा लिया करती थीं। उनके सिर पर हाथ फेरतीं और ढांढस बंधाया करती थीं। रोने वाली स्त्रियों को वे उनके आंसुओं को रोकने के लिए कहती, आंसुओं को संभालकर रखने का उपदेश देती और उचित समय पर उनके उपयोग करने की बात कहतीं। एक महारानी के रूप में नारी सशक्तीकरण के साथ ही अहिल्याबाई होल्कर ने भारत के विभिन्न राज्यों में मानवता की भलाई, जनकल्याण के लिए भी अनेक कार्य किए थे। अहिल्याबाई देश भर में भारत के प्रसिद्ध तीर्थों व धार्मिक स्थलों में मंदिर निर्माण, घाट बंधन, कुआं व बावड़ी निर्माण, मार्ग निर्माण, काशी विश्वनाथ में शिवलिंग स्थापित करने, कलकत्ता से बनारस तक की सड़क, बनारस में अन्नपूर्णा का मन्दिर, गया में विष्णु मन्दिर निर्माण, भूखों व प्यासों के लिए क्रमशः अन्नसत्र खोलने व प्याऊ बिठलाने, मन्दिरों में शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु विद्वानों की नियुक्ति करने वाली महान शासिका के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। उन्हें एक दार्शनिक रानी, एक महान व धर्मपारायण स्त्री और भगवान शिव की भक्तिनी माना जाता है। शिवपूजन के बिना मुंह में वे पानी की एक बूंद नहीं जाने देती थी। अपना सम्पूर्ण राज्य उन्होंने शंकर को अर्पित कर रखा था और स्वयं उनकी सेविका बनकर शासन चलाती थी। राजाज्ञाओं पर हस्ताक्षर करते समय अपना नाम नहीं लिख नीचे केवल श्री शंकर लिख दिया करती थीं। उनके मुद्राओं पर शिवलिंग और बिल्व पत्र का चित्र अंकित हुआ करता था और पैसों पर नंदी का।

ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होल्कर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई ने मालवा को छोड़ माहेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया। आत्मप्रतिष्ठा के झूठे मोह का त्याग करके मरते दम तक सदा न्याय करने का प्रयत्न करने वाली अहिल्याबाई किसी बड़े राज्य की रानी नहीं थीं, लेकिन अपने राज्य काल में उन्होंने जो कुछ किया वह आश्चर्यचकित करने वाला है। यही कारण है कि स्वतंत्र भारत में महिला सशक्तीकरण की पक्षधर अहिल्याबाई होल्कर का नाम न केवल अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है, बल्कि उनके उत्कृष्ट विचारों एवं नैतिक आचरण के कारण समाज में उनको देवी के अवतार की पदवी प्रदान करते हुए उनके अति उत्कृष्ट गुणों के प्रति श्रद्धा प्रकट किया जाता है। 13 अगस्त सन 1795 को उनकी जीवन-लीला समाप्त हो गई। उनके जन्मोत्सव और स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है। आज भी उनकी गणना आदर्श शासकों में की जाती है। वे अपनी उदारता और प्रजावत्सलता के लिए प्रसिद्ध हैं। इसलिए भारत सरकार तथा विभिन्न राज्यों की सरकारों ने उनकी प्रतिमाएं बनवाई हैं, और उनके नाम से कई कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। उनकी इसी प्रसिद्धि के कारण बीते दिनों महाराष्ट्र सरकार के द्वारा अपने एक शहर अहमदनगर का नाम परिवर्तित कर अहिल्यानगर करने की घोषणा की गई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

लोकसभा चुनाव 2024

# मुद्दाविहीन चुनाव... लोकतंत्र पर संकट



डॉ. सी.बी. यादव
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र मीडिया एवं नागरिक समाज को स्वतंत्र अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का होना बेहद जरूरी है। इन चुनाव में सत्ता पक्ष के समक्ष विपक्ष से अधिक जनता स्वयं चुनाव लड़ती हुई दिखाई दे रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि इन चुनाव के परिणामों से केवल देश के भविष्य की सरकार का निर्माण नहीं होगा, बल्कि देश में लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वतंत्र मीडिया एवं नागरिक समाज की अभिव्यक्ति की आजादी भी निश्चित होगी।*

देश में लोकसभा चुनाव के 6 चरण समाप्त हो चुके हैं एवं अंतिम सातवां चरण बाकी है। यद्यपि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होती है। लेकिन एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह होता है कि चुनाव किन मुद्दों पर संपन्न हुआ? क्योंकि सरकार को जो जनादेश प्राप्त होता है उसे राजनीतिक विज्ञान में यह नहीं माना जाता है कि उससे सरकार को कुछ भी करने की आजादी प्राप्त होगी बल्कि इसका तात्पर्य यह होता है कि जिन मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़कर सत्ता प्राप्त की गई, चुनाव उपरांत निर्मित सरकार की उन मुद्दों के प्रति जवाबदेही भी निर्धारित हो जाती है। मतदान से पहले चरण से भी पहले जारी हुए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वे से सामने आया था कि लगभग 60 फीसदी मतदाताओं की राय में महंगाई और बेरोजगारी इन चुनाव में देश के लोगों के सबसे बड़े मुद्दे हैं। सर्वेक्षणकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि लोग ना सिर्फ इन समस्याओं से पीड़ित हैं, बल्कि इसको लेकर वे सचेत भी हैं। भारतीय लोकतंत्र के संपन्न हो रहे इन चुनावों को इस दृष्टि से परीक्षण करना आवश्यक हो जाता है कि क्या यह चुनाव जनता के इन मुद्दों पर संपन्न हुआ? अथवा राजनेताओं एवं मीडिया द्वारा अपनी इच्छा अनुसार तय किए गए एजेंडे पर संपन्न हुआ?

अब तक संपन्न हुए छह चरण के लोकसभा चुनाव में जहां बीजेपी द्वारा प्रारंभ में 2047 के विकसित भारत की संकल्पना, राम मंदिर, धारा 370 इत्यादि मुद्दों को जनता के सामने रखा। लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ता गया वैसे-वैसे भाजपा एवं नरेंद्र मोदी की ओर से ये मुद्दे भी गौण होते गए एवं हिंदू-मुसलमान ध्रुवीकरण तथा विपक्ष के इतिहास एवं वर्तमान पर बहुत ही निम्नस्तरिय कटाक्ष की ओर उन्मुख हो गए। चुनाव के अंतिम पड़ाव में चुनावी सभाओं से अधिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मीडिया द्वारा लगातार दिए जा रहे साक्षात्कार ही मुख्य चुनावी मुद्दे बनते नजर आ रहे हैं। जहां विपक्ष प्रधानमंत्री द्वारा स्वयं को बायोलॉजिकल होने के स्थान पर देवीय आशीर्वाद से उत्पन्न होने को इस चुनाव का मुख्य मुद्दा बनता हुआ नजर आ रहा है। यद्यपि विपक्ष ने चुनाव की शुरुआती दौर में महंगाई बेरोजगारी सहित किसानों एवं मजदूरों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया लेकिन दूसरे चरण के उपरांत विपक्ष की ओर भी इन मुद्दों को गौण करके संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा को ही इस चुनाव का मुख्य मुद्दा बना दिया। यदि सीएसडीएस के सर्व पर विश्वास किया जाए तो निश्चित तौर पर ही इन चुनाव में जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। यहां यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर जनता के जरुरी मुद्दे चुनाव के मुद्दे क्यों नहीं बन पा रहे हैं?

वस्तुतः चुनाव में मुद्दों को निर्धारित करने में राजनीतिक दलों के साथ-साथ स्वतंत्र मीडिया एवं नागरिक समाज की स्वतंत्र अभिव्यक्ति महत्वपूर्ण स्थान रखती है। राजनीतिक दल सदैव से ही जनता के मुख्य मुद्दों से बचने की कोशिश में रहते हैं क्योंकि इससे उन पर चुनाव के उपरांत उत्तरदायित्व का एक अतिरिक्त दबाव उत्पन्न हो जाता है। उदाहरण के तौर पर आज भी 2014 में भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादे उनका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। इसीलिए चुनाव में जनता के मुद्दों को केंद्र में लाने का मुख्य दायित्व मीडिया एवं नागरिक समाज की अभिव्यक्ति पर आश्रित हो जाता है। भारतीय संदर्भ में लोकतंत्र की यह दोनों स्तंभ ही लगभग धराशाई हो गए हैं।

रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाले प्रेस फ्रीडम इंडेक्स के 2024 संस्करण में कुल 180 देशों में भारत 159वें स्थान पर है। यह तुर्की, पाकिस्तान और श्रीलंका से भी पीछे है, जो क्रमशः 158, 152 और 150वें स्थान पर हैं। इस रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत का मीडिया अनौपचारिक आपातकाल की स्थिति में आ गया है और उनकी पार्टी भाजपा और मीडिया पर हावी अरबपतियों के बीच एक शानदार गठबंधन हुआ है। उल्लेखनीय है कि अच्छे स्वतंत्र पत्रकारों के समक्ष अच्छे से अच्छे वैश्विक नेताओं का बहुत बुरा हाल होते हुए देखा गया है। अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जिस प्रकार वहां के मीडिया ने घेरा था वह एक ताजा उदाहरण हम सबके समक्ष है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिकॉर्ड तोड़ 70 से अधिक टीवी साक्षात्कार में प्रधानमंत्री बिना किसी दबाव के आत्ममुग्ध होकर लंबे-लंबे साक्षात्कार दिए जा रहे हैं उससे यह बात ओर अधिक प्रमाणित हो जाती है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, "जो पत्रकार सरकार के आलोचक हैं, उन्हें नियमित रूप से ऑनलाइन उत्पीड़न, धमकी, धमकियों और शारीरिक हमलों के साथ-साथ आपराधिक मुकदमों और मनमानी गिरफ्तारियों का शिकार होना पड़ता है।" निश्चित ही एक स्वतंत्र एवं आलोचक मीडिया का इस चुनाव में अभाव होने की कीमत भारतीय लोकतंत्र को चुकानी पड़ रही है।

जनता की आवाज बनने का दूसरा मुख्य स्तंभ नागरिक समाज की स्वतंत्रता अभिव्यक्ति माना गया है। हाल ही में आर्टिकल 19 नामक मानवाधिकार संस्था द्वारा प्रकाशित एनुअल रिपोर्ट 2023 के अनुसार अभिव्यक्ति के आजादी इंडेक्स में कूल 161 देशों में भारत 123 वें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 108वें स्थान पर, भूटान 103वें स्थान पर और श्रीलंका 94वें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार भारत उन देशों के साथ खड़ा है जहां यह आजादी खतरे में नहीं बल्कि पूरी तरह ख़त्म हो चुकी है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने वर्ष 2023 की वार्षिक रिपोर्ट में का है कि भारत में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं एवं स्वतंत्र अभिव्यक्ति करने वाले पत्रकारों को कई तरह से प्रताड़ित किया गया है। कुछ समय पहले एक ऑनलाइन चैनल न्यूज़क्लिक के संपादकों और अन्य पत्रकारों के ख़िलाफ़ तथाकथित देशद्रोही गतिविधियों को अंजाम देने और विदेशी चंदा लेने के आरोप लगाकर गिरफ़्तारियां की गई थीं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक लड़की के हुए बलात्कार और क़त्ल की रिपोर्टिंग करने गए पत्रकार सिद्दीक कप्पन के ख़िलाफ़ यू.ए.पी.ए. के तहत मामला दर्ज करके उसे दो साल से अधिक समय तक जेल में रखा गया। भीमा कोरेगांव मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफ़ेसर जी.एन. साईबाबा को शारीरिक रूप से 90% अक्षम होने के बावजूद लगभग 10 साल तक जेल में बिताने पड़े। आदिवासी अधिकारों के लिए काम करने वाले पादरी स्टेन स्वामी की जेल में बिना इलाज़ के मौत हो गई थी। जून में, वॉल स्ट्रीट जर्नल की पत्रकार सबरीना सिद्दीकी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अमेरिका की यात्रा के दौरान भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों की बिगड़ती मानवाधिकार स्थिति के बारे में सवाल पूछने के लिए राजनीतिक नेताओं और बीजेपी समर्थकों से ऑनलाइन दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। इस तरह के ओर भी सैकड़ो उदाहरण विगत वर्षों में देखे गए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



व्यंग्य

# जल की कल-कल नहीं आजकल



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

इन दिनों रिकॉर्ड तोड़कर गर्मी ने धरती को गर्म तवे सा तपा रखा है। आए दिन विभिन्न शहरों में गर्मी का रिकॉर्ड बनाने की होड़ लगी हुई है। यहां तक की कई शहर तो हलवाई की भट्टी की तरह तप रहे हैं । पंखे कूलर की बात छोड़ो, ऐसी की भी गर्मी से सांसें टूट रही है, वो भी फटने लगे हैं। बिजली वाले ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए कूलर की हवा खिला उसकी गरमाहट कम करने में लगे हैं। इधर गर्मी की लू लपट की कहर ने धरती को और धरती के लोगों की आत्मा को तड़पा रखा है। नदी झील सरोवर सूखने लगे हैं। अब नदिया के जल की कल कल सुनाई नहीं दे रही। जंगल के जीव जल की कमी से इधर-उधर भटक रहे हैं। कई मोरों ने पानी की कमी और बढ़नी गर्मी के चलते दम तोड़ रहे हैं।


कई चतुर लोग अपने परिवार की सुविधा के लिए जलदाय विभाग के जल की भरोसे ही नहीं बैठे। उन्होंने समय रहते ही घर के अंदर बाहर तो थोड़ी-थोड़ी दूर में ट्यूबवेल खुदवालिए और अब वह चैन की बंसी बजा, झरने की तरह जल का आनंद ले रहे हैं। बढ़ती गर्मी में जल की मांग को देखते हुए एक बालाजी प्रेमी मंत्री जी ने तो हाथ खड़े करते हुए कह दिया, मैं कोई बालाजी नहीं जो फूंक मारते ही पानी आ जाए। जितना जल उपलब्ध हो रहा है उसी से कम चलाओ।

बढ़ती आबादी, घटता जल, कटते वृक्ष और बढ़ता ताप यह सब देश की जनता चुप-चुप देख रही है। नदी में बाढ़ें आ जाती हैं। पानी व्यर्थ बहकर का निकल जाता है। किसी सत्ता पक्ष के नेताजी से पूछो तो वह सोच समझकर कहेंगे उचित अवसर पर व्यवस्था की जाएगी। पिछली सरकार ने जल संकट के लिए ठीक से व्यवस्था नहीं की। अन्यथा यह दिन नहीं देखने पड़ते। अब हम चेते हैं। जनता के कल्याण के लिए। इंतजार कीजिए हमारी जन कल्याण की योजनाओं के लिए।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
कांग्रेस ने देश की सेना की जरूरतों को भी अपनी अवैध कमाई का जरिया बना दिया, वहीं मोदी आज हमारी सेनाओं को अत्याधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने में जुटा है।



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री, दिल्ली
@ArvindKejriwal
मोदी जी का अहंकार अब इतना बढ़ गया है कि वो ख़ुद को भगवान का अवतार बता रहे हैं। मैं RSS से पूछना चाहता हूँ कि क्या वो भी मोदी जी को भगवान मानते हैं? RSS को देश को इस सवाल का जवाब देना होगा।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन रहा राजस्थान... "नया राजस्थान - नए उजियारे के साथ विकास के सुपथ पर बढ़ रहा आगे"



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
कांग्रेस को सत्ता की इतनी लालसा थी कि वह श्री गुरु नानक देव जी की पावन स्थली करतारपुर साहिब को ही भूल गई थी। मोदी जी ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनाकर फिर से भारत का गौरव बढ़ाया है...

**नॉलेज कॉर्नर:** अब सीआईएसएफ करेगी संसद की सुरक्षा

# बेहतरीन सुरक्षा के लिए जानी जाती है CISF

हाल ही में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले कर दी गई। इसके बाद सीआईएसएफ के 3,300 से अधिक कर्मी संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। दरअसल सीआरपीएफ के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) पहले संसद परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा था। मगर पिछले दिनों संसद में मिर्ची पाउडर स्प्रे घटना और संसद हमले आदि घटनाओं के बाद सरकार ने सीआरपीएफ से यह जिम्मेदारी छीनकर सीआईएसएफ को देने का फैसला लिया है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## यह है सीआईएसएफ का इतिहास

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एक अर्धसैनिक बल है। इसका काम सरकारी कारखानों और अन्य सरकारी उपक्रमों को सुरक्षा प्रदान करना है। 10 मार्च साल 1969 को देश की संसद में एक अधिनियम पारित होने के बाद की गई थी। बता दें कि CISF अधिनियम के तहत CISF की स्थापना तीन बटालियनों के साथ की गई थी। देश में औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की स्थापना की गई थी। वहीं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भी गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है। इसका काम सरकारी कारखानों और अन्य सरकारी उपक्रमों को सुरक्षा प्रदान करना है। हर साल 10 मार्च को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का स्थापना दिवस मनाया जाता है।



## 300 उपक्रमों की सुरक्षा

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का मुख्य काम बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही सरकार के संवेदनशील प्रतिष्ठानों और अन्य अहम सुविधाओं की सुरक्षा करना शामिल है। CISF पूरे देश में 300 से ज्यादा औद्योगिक इकाइयों और सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को सुरक्षा प्रदान करता है। भारत सरकार के हवाई अड्डों से लेकर रेलवे स्टेशन की सुरक्षा सीआईएसएफ ही करती है.। इसके अलावा परमाणु संयंत्र, बंदरगाह, हवाई अड्डा, पीएसयू आदि की सुरक्षा भी सीआईएसएफ के हाथों में होती है।

## ऐसे हुई CISF की शुरुआत

*साल 1983 में संसद में एक अधिनियम ने भारत के एक सशक्त बल के रूप में CISF यानी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की स्थापना की थी। फिर 15 जून 1983 को कानून को हस्ताक्षरित किया गया। हर साल 10 मार्च केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सम्मान में CISF का स्थापना दिवस मनाया जाता है।*

*कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर*

## ओडिशा: राहुल गांधी ने भाजपा-बीजद में भागीदारी का लगाया आरोप, पूछा सवाल....

# CM पटनायक BJP के खिलाफ लड़ रहे तो उन पर केस दर्ज क्यों नहीं!

**एजेंसी** | बालासोर (ओडिशा)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को ओडिशा में भाजपा के साथ-साथ सत्तारूढ़ बीजद पर भी सियासी प्रहार किए। उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा और बीजद में एक तरह की पार्टनरशिप चलती है। भाजपा पर ओडिशा का अपमान करने का आरोप लगाया।

राहुल ने बालासोर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा,मैं भाजपा के खिलाफ लड़ रहा हूं। इसलिए उन्होंने मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें मानहानि और आपराधिक मामले शामिल हैं। मेरा घर छीन लिया गया, मेरी लोकसभा सदस्यता छीन ली गई और मुझे दो साल की जेल की सजा सुनाई। ईडी ने मुझसे 50 घंटे तक पूछताछ की। अगर यहां के सीएम नवीन बाबू वास्तव में भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया है?



### भाजपा और इंडिया गठबंधन में वैचारिक लड़ाई

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच वैचारिक लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि यह पहला चुनाव है जहां एक पक्ष संविधान को ख़त्म करना चाहता है और दूसरा पक्ष इसे बचाना चाहता है। भारत गठबंधन कह रहा है कि चाहे कुछ भी हो जाए, हम संविधान की रक्षा करेंगे, हम अंबेडकर के संविधान को रद्द या नष्ट नहीं होने देंगे। दूसरी ओर भाजपा के लोग और आरएसएस के लोग कहते हैं कि अगर उनकी सरकार बनी तो वे अंबेडकर के संविधान को फाड़ देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी और आरएसएस के लोगों से कहना चाहता हूं कि आप जो चाहें सोच सकते हैं, लेकिन इस दुनिया में कोई ताकत नहीं है जो भारत के संविधान को नष्ट कर सके। महात्मा गांधी पर पीएम मोदी की हालिया टिप्पणी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला और भारत के सभी बच्चे महात्मा गांधी से प्रेरित हैं। इसलिए उस पर कुछ भी टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है। शायद उनका संपूर्ण विश्व दृष्टिकोण 'शाखा' (आरएसएस) के दृष्टिकोण पर आधारित है।

### लोकतंत्र को बचाने का संकल्प

राहुल ने भद्रक लोकसभा सीट के सिमुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए संविधान और देश में लोकतंत्र को बचाने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ओडिशा के हर व्यक्ति का अपमान किया है क्योंकि उसके एक नेता ने दावा किया है कि भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री मोदी के भक्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकतंत्र और देश के संविधान को नष्ट करने के लिए एकजुट हैं। धरती पर कोई भी ताकत हमारे संविधान को नष्ट नहीं कर सकती। आप अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करके संविधान को छू भी नहीं सकते।

---

### मोदी की अपील, पहले मतदान फिर जलपान



**वाराणसी**। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए काशी के लोगों से एक खास अपील की है। उन्होंने कहा कि काशी के युवा, नारी शक्ति और किसानों से विशेष आग्रह है। आप लोगों का एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा, मुझे नई ऊर्जा देगा। आप लोगों को याद रखना है कि पहले मतदान फिर जलपान। उन्होंने भोजपुरी में लोगों से मतदान स्थल पर पहुंचने की अपील की।

### 2025 के चुनाव से पहले माफिया मुक्त होगा बिहार

**पटना**। बिहार के डिप्टी सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने दावा किया कि राज्य की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों की जीत होगी। उन्होंने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य को शराब, बालू समेत सभी तरह के माफिया से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी। हालांकि, राज्य की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार लाना है। सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया कि देश में एनडीए के सांसदों की संख्या 400 पार हो जाएगी। बिहार सहित पूरे देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने गारंटी दी है कि भ्रष्टाचारियों को छोड़ा नहीं जाएगा। इसी तरह बिहार सरकार ने भी दो गारंटी दी है, जिसमें अपराधी और भ्रष्टाचारियों, माफियाओं को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले वादे के अनुसार 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी जाएगी।

## लोस चुनाव की आखिरी रैली में खूब गरजे प्रधानमंत्री मोदी, कहा...

# पंजाब में आमने-सामने लड़ने का ड्रामा... दिल्ली में कांग्रेस-आप एक

**एजेंसी** | होशियारपुर

लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार समाप्त होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर में लोकसभा चुनाव 2024 की आखिरी रैली को संबोधित किया। इस रैली में उन्होंने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी बताते हुए उस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अब तो कांग्रेस के साथ एक और कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी भी जुड़ गई है। यहां तो आमने-सामने लड़ने का ड्रामा कर रहे हैं, दिल्ली में एक साथ चुनाव लड़ रहे थे। इसके अलावा उन्होंने 125 दिनों का एजेंडा भी पेश किया।



पीएम मोदी कहा कि लोग भूले नहीं कि ये झूठवादी पार्टी की पहली सरकार कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली में बनी थी। इसलिए इन्होंने भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस से भ्रष्टाचार के पाठ बराबर पढ़ लिए हैं। ये भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस की गोद से कट्टर भ्रष्टाचारी पैदा हुए हैं। ये लोग कहते थे पंजाब को नशा मुक्त करेंगे। लेकिन इन्होंने आते ही नशे को अपनी कमाई का साधन बना दिया है। दिल्ली के शराब घोटाले को पूरी दुनिया जान चुकी है। आज दिल्ली से लेकर पंजाब तक इनके कारनामें दुनिया देख रही है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति ने देश का बहुत नुकसान किया है। वोट बैंक के प्रति अपने प्यार के कारण देश के बंटवारे के समय करतारपुर साहिब पर अपना अधिकार नहीं जता पाए। यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टीकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए का विरोध कर रहा है।

### किसी को भी छीनने नहीं देंगे SC-ST व OBC का आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मोदी ने एक संकल्प लिया है कि वह दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण किसी को भी छीनने नहीं देंगे। ये कांग्रेस और इंडी गठबंधन (विपक्षी गठबंधन इंडिया) वाले मेरी इस कोशिश से भी भड़के हुए हैं। इनका पूरा ट्रैक रिकॉर्ड एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीनने का रहा है। ये संविधान की भावना का, बाबा साहब अंबेडकर की भावना का अपमान कर रहे हैं। ये दलितों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर उसे सिर्फ और सिर्फ मुसलमानों को देना चाहते हैं। मोदी ने इनकी इस सबसे बड़ी साजिश से पर्दा उठा दिया है। इसलिए ये बौखलाए हुए हैं और मोदी को लगातार नई-नई गालियां देते रहते हैं।

### 'विरासत भी, विकास भी' के मंत्र पर चल रही है भाजपा

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा 'विरासत भी, विकास भी' इस मंत्र पर चल रही है। जब अफगानिस्तान में संकट आया, वहां पर हमारे जो सिख भाई-बहन रहते थे। वहां जो हमारा गुरुद्वारा था, बहुत खतरे पैदा हो गए तो हम गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को पूरे अदब के साथ माथे पर रख कर भारत लाए। इतना ही नहीं, हमने साहिबजादों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाना तय किया। हमने हिंदुस्तान की भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए वीर बाल दिवस की शुरूआत की है।

### 125 दिनों का एजेंडा तैयार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव की इस भागदौड़ में भी हमारी सरकार एक पल भी व्यर्थ नहीं कर रही है। सरकार बनते ही तीसरे टर्म में अगले 125 दिन में क्या होगा, सरकार क्या करेगी, सरकार कैसे करेगी, सरकार किसके लिए करेगी, सरकार कब तक करेगी, इसके रोड मैप पर काम कर लिया गया है। इसमें भी 25 दिन विशेष तौर पर युवाओं के लिए केंद्रीत किए गए हैं। अगले 5 साल में कौन से बड़े निर्णय लेने हैं, इसकी भी रूपरेखा खींची जा चुकी है।

### 21 वीं सदी भारत की होगी

उन्होंने कहा, मैंने लाल किले से कहा था, 'यही समय है, सही समय है'। आज फिर कह रहा हूं 21वी सदी भारत की सदी होगी। पिछले 10 साल में भारत ने जो विकास करके दिखाया है वो अभूतपूर्व रहा है। आज जब पंजाब के लोग, दूसरे राज्यों के लोग विदेश जाते हैं तो खुद देखते हैं कि वहां भारत और भारतीयों की इज्जत कितनी बढ़ गई है। जब देश में दमदार सरकार होती है तो विदेशी सरकारें भी हमारा दम देखती है।

## सीएम पटनायक का पीएम मोदी पर पलटवार, कहा...

# मेरी तबीयत खराब है तो फोन करके क्यों नहीं पूछा!

**एजेंसी** | भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि उनकी सेहत ठीक है और वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव के लिए गत एक महीने से प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं उनका अच्छा मित्र हूं। उन्हें मात्र मुझे फोन करके मेरी सेहत की जानकारी लेनी थी लेकिन ओडिशा और दिल्ली में भाजपा के कुछ लोग मेरी सेहत को लेकर



अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरी सेहत ठीक है। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने ओडिशा में चुनावी रैलियों में दावा किया था कि सीएम नवीन पटनायक की सेहत ठीक नहीं है और वह नियमित कर्तव्यों को भी पूरा करने की स्थिति में नहीं हैं। अगर ओडिशा में भाजपा सत्ता में आती है तो एक समिति बनाई जाएगी जो पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट की जांच करेगी। पीएम मोदी के इस बयान के बाद ही पटनायक ने यह टिप्पणी की है। पटनायक ने इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर पलटवार किया था।

### पार्टी का भविष्य व उत्तराधिकारी का सवाल जनता तय करेगी

पटनायक ने भाजपा के उन आरोपों को हास्यास्पद करार दिया है, जिसमें कहा गया था कि पूर्व आईएएस अधिकारी और मुख्यमंत्री के करीबी वीके पांडियन वास्तविकता में राज्य के शासन तंत्र को कंट्रोल करते हैं। पटनायक ने कहा कि यह भाजपा का पुराना आरोप है और इसमें कोई दम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं। पटनायक ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का भविष्य और उनके उत्तराधिकारी का सवाल जनता तय करेगी।

## राजद का नीतीश पर सस्पेंस का दांव

# 4 जून के बाद नीतीश कर सकते हैं कोई बड़ा फैसला: तेजस्वी

**एजेंसी** | पटना



बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए अंतिम चरण के मतदान से पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एक बार फिर लोगों की धड़कन बढ़ा दी है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को लेकर दोहराया है कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कुछ बड़ा होगा। इससे पहले तेजस्वी ने 28 मई को भी यही दावा किया था। तेजस्वी ने आज कहा- जब से हमने कहा कि 4 जून के बाद हमारे चाचा (नीतीश कुमार) अपनी पार्टी को बचाने के लिए कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं, तब से वो प्रचार में नहीं निकले हैं। प्रशासन का काम गवर्नर देख रहे हैं, अधिकारियों को बुलाकर समीक्षा ले रहे हैं। जदयू वाले अपने दो सीटों पर लगे हुए हैं। भाजपा अपनी सीटों पर लगी हुई है। ये अंतर जो है, ये चीजें जो दिखाता है कि 4 के बाद कुछ बड़ा होगा। तेजस्वी ने 28 मई को कहा था- "हमारे चाचा पिछड़ों की राजनीति और पार्टी बचाने के लिए कोई भी बड़ा फैसला 4 जून के बाद ले सकते हैं।

### चुनावी मुकाबले- पाटलिपुत्र: तीसरी बार आमने-सामने हैं रामकृपाल व मीसा

बिहार के पाटलिपुत्र के चुनावी समर में भाजपा ने एक बार फिर से सांसद रामकृपाल यादव पर भरोसा जताया है तो दूसरी और लालू प्रसाद की बेटी और राज्यसभा सांसद मीसा दो बार की हार का बदला लेने राजद के टिकट पर मैदान में हैं। तीसरी बार भी दोनों के बीच आमने-सामने का मुकाबला है। रामकृपाल यादव पाटलिपुत्र से पहले राजद के टिकट पर पटना से सांसद रह चुके हैं। दोनों ही पार्टियां ने अपने कोर मतदाताओं को अपने पाले में रखने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। यादव बहुल मनेर में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी लोजपा प्रमुख चिराग के साथ भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगने पहुंच चुके हैं।

### नालंदा: जदयू व सीपीआई माले में घमासान

जदयू का गढ़ माने जाने वाली नालंदा लोकसभा सीट के लिए एनडीए के बैनर तले जेडीयू के कौशलेंद्र कुमार चौथी बार चुनाव मैदान में हैं तो इंडिया गठबंधन की ओर से सीपीआई माले के डॉ. संदीप सौरभ प्रत्याशी हैं। कौशलेंद्र मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडीयू का किला बचाने को पूरी ताकत लगाए हुए हैं तो संदीप इस गढ़ को ढहाने मजबूती से मैदान में उतरे हैं। गृह जिला होने नाते यह सीट सीएम नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी हुई है। इस सीट पर बीते 28 सालों से समता पार्टी और जेडीयू का कब्जा है। पीआई माले प्रत्याशी संदीप पटना जिले के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी हैं।

### पटना साहिब: रविशंकर को जगजीवन राम के नाती की चुनौती

पटना साहिब संसदीय सीट से भाजपा के कद्दावर नेता रविशंकर प्रसाद के सामने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित चुनाव मैदान में हैं। आजादी के बाद 1967 के चुनाव में ही कांग्रेस का यह गढ़ सीपीआई ने ढहा दिया था। 2009 में परिसीमन के बाद पटना लोकसभा से पटना साहिब और पाटलिपुत्र सीट बनाई गई। तब से दोनों पर एनडीए का कब्जा है। पटना साहिब की सीट लगातार दो बार शत्रुघ्न सिन्हा ने भाजपा के लिए जीती। तीसरी बार कांग्रेस के टिकट पर लड़े शत्रुघ्न सिन्हा को हराकर रविशंकर प्रसाद ने भाजपा का कब्जा कायम रखा। कायस्थ बहुल पटना साहिब ऐसी इकलौती लोकसभा सीट है जहां कायस्थ प्रत्याशी को प्रमुख पार्टियों से मौका और विजय मिली है।

---

## अंतिम चरण के मतदान से पहले पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह ने पंजाब के लोगों को लिखा भाव प्रवण पत्र... कहा-

# प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम पद की गंभीरता घटाई... फैला रहे नफरत

**एजेंसी** | चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव के अंतिम व सातवें चरण के लिए प्रचार समाप्त होने से पहले सियासी पारा चरम पर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार अभियान के तहत गुरुवार को अपनी अंतिम रैली में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा तो पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह ने गुरुवार को पीएम मोदी को कई मसलों पर घेरा। डॉ.सिंह ने गुरुवार को पंजाब के लोगों को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखकर मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा पंजाब और उसके निवासियों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर चिंता व्यक्त



की। उन्होंने पत्र में कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने सर्वाधिक नफरत फैलाने वाले द्वेषपूर्ण भाषण दिए हैं, जो पूरी तरह विभाजनकारी प्रकृति के हैं। उन्होंने कहा कि अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी विशेष वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए ऐसे घृणित, असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया।

### सार्वजनिक संवाद व पीएम पद की गंभीरता को किया कम

पूर्व पीएम ने लिखा, मैं इस चुनाव अभियान के दौरान राजनीतिक चर्चाओं को बहुत ध्यान से देख रहा हूं। पीएम मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सार्वजनिक संवाद और प्रधानमंत्री पद की गंभीरता को कम किया है। उन्होंने मेरे लिए भी कुछ गलत बयान दिए हैं। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे से अलग नहीं किया। इस पर भाजपा का एकमात्र कॉपीराइट है। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने सिंह पर आरोप लगाया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। सिंह ने कहा कि भारत के लोग यह सब देख रहे हैं। उन्होंने कहा, अमानवीकरण की यह कथा अब अपने चरम पर पहुंच गई है। अब यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने प्यारे राष्ट्र को इन विभाजनकारी ताकतों से बचाएं।

### केवल कांग्रेस ही सुनिश्चित कर सकती है प्रगतिशील भविष्य

मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान से पहले पंजाब के मतदाताओं से अपील करते हुए दावा किया कि केवल कांग्रेस ही है, जो ऐसा विकासोन्मुख प्रगतिशील भविष्य सुनिश्चित कर सकती है, जहां लोकतंत्र और संविधान की रक्षा होगी। डॉ. सिंह ने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना थोपने का भी आरोप लगाया और कहा कि कहा कि भाजपा सोचती है कि देशभक्ति, शौर्य और सेवा का मूल्य केवल चार साल है। यह उनके नकली राष्ट्रवाद को दर्शाता है।

### PM मोदी ने 421 बार केवल मंदिर-मस्जिद व 232 बार लिया कांग्रेस का नाम : खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए दावा किया कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने 421 बार केवल मंदिर-मस्जिद और विभाजनकारी मुद्दों पर ही बात की। खरगे ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की तरफ से जाति-धर्म के आधार पर वोट न मांगने के निर्देश के बावजूद पीएम मोदी ने इन मुद्दों पर बात की। खरगे ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले 15 दिनों में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने 232 बार कांग्रेस का नाम लिया। इसके अलावा 758 बार अपना और 573 बार इंडी गठबंधन का नाम लिया। उन्होंने एक बार भी बेरोजगारी को लेकर बात नहीं की। खरगे ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया बहुमत के साथ सरकार बनाएगा और यह देश में एक समावेशी और राष्ट्रवादी सरकार का गठन करेगा। उन्होंने कहा, हमें यकीन है कि जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार के लिए जनादेश देगी। भाजपा पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि लोगों ने हमारे विचार का समर्थन किया।

## जरूरी खबर

### अमेरिका में दमखम दिखाएंगे IAF के राफेल

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की एक टुकड़ी गुरुवार को अमेरिका के अलास्का में 16 दिवसीय बहु-राष्ट्रीय मेगा सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने पहुंची। वायुसेना ने 30 मई से शुरू होकर 14 जून तक चलने वाले 'रेड फ्लैग अलास्का' अभ्यास के लिए राफेल लड़ाकू विमानों को तैनात किया है। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। वायुसेना ने कहा है कि अपने एयर टू एयर रिफ्यूलर आईएल-78 विमानों और सी-17 विमानों की मदद से राफेल लड़ाकू विमानों ने ग्रीस और पुर्तगाल में पड़ाव लेते हुए ट्रांसअटलांटिक उड़ान भरी। अमेरिकी वायु सेना ने कहा कि इस युद्धाभ्यास के दौरान 77 हजार वर्ग मील से अधिक हवाई क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा।

### हत्या के मामले में छोटा राजन को आजीवन कारावास



**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के जुर्म में भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। जय शेट्टी मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल का मालिक था। छोटा राजन गिरोह की ओर से जबरन वसूली की धमकियों का सामना कर रहे जय शेट्टी को गिरोह के दो कथित सदस्यों ने चार मई 2001 को होटल की पहली मंजिल पर गोली मार दी थी।

### आजम खान को एक और मामले में 10 साल की सजा

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान को अब डूंगरपुर प्रकरण से जुड़े एक और केस में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जबकि14 लाख का जुर्माना लगाया गया है। सुनवाई के दौरान सपा नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सीतापुर जेल से जुड़े। उसके साथ एक अन्य आरोपी ठेकेदार बरेली निवासी बरकत अली को सात साल की कैद व छह लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने आजम खान व ठेकेदार बरकत अली को दोषी करार दिया था।

## कैंची धाम आश्रम व जी बी पंत विश्वविद्यालय पहुंचे उपराष्ट्रपति धनखड़




*देहरादून। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार को उत्तराखंड में कैंची धाम श्री नीम करोली बाबा आश्रम का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दौरा किया व विश्वविद्यालय की यात्रा को दर्शाने वाले पंतनगर संग्रहालय का भी अवलोकन किया।*

### आतिशी का दावा: केजरीवाल को जान का खतरा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता व दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाते हुए पूछा कि भाजपा और पीएम मोदी ने हिरासत अवधि में केजरीवाल के साथ ऐसा क्या किया कि उनकी तबीयत बिगड़ गई। आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में देश की जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि अब केजरीवाल की जान देश के लोगों के हाथ में है, क्योंकि अगर उन्होंने मोदी जी और भाजपा को जीता दिया तो केजरीवाल ना सिर्फ जेल वापस जाएंगे बल्कि जेल में उनकी जान भी ली जा सकती है। आतिशी ने कहा, केजरीवाल जी ने चिकित्सकीय जांच के लिए मात्र 7 दिन का समय ईडी से मांगा लेकिन भाजपा के राजनीतिक हथियार ईडी ने इसका भी विरोध किया। आतिशी ने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी केजरीवाल के स्वास्थ्य के खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

**सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ खुलासा**

# चीन ने सिक्किम के निकट तैनात किए उन्नत जे-20 लड़ाकू विमान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चीन ने सिक्किम में भारतीय सीमा से 150 किलोमीटर से भी कम दूरी पर तिब्बत के शिगात्से में अपने सबसे एडवांस जे-20 स्टील्थ लड़ाकू विमानों को तैनात किया है। ऑल सोर्स एनालिसिस ने कुछ सैटेलाइट तस्वीरों के माध्यम से यह खुलासा किया है, जिनमें इन लड़ाकू विमानों की पोजिशन देखी जा सकती है। हालांकि ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि चीन ने इन लड़ाकू विमानों को शिगात्से में स्थायी रूप से तैनात किया है, या अस्थायी तौर पर भेजा है। लेकिन भारतीय सीमा के पास उनकी तैनाती चौंकाने वाली है। ऑल सोर्स एनालिसिस एक फर्म है, जो सैटेलाइट इमेजेस से भू-स्थानिक इंटेलिजेंस को समझाती है। वहीं हाल ही में अमेरिका के एक थिंक टैंक सेंटर फॉर इंटरनेशनल एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश से सटे विवादित इलाके में 2018 और 2022 के बीच 624 गांव बसाए हैं। ये गांव चार अलग-अलग जगहों पर बसाए जा रहे हैं। चीन शिगात्से में बने इस एयरपोर्ट का उपयोग सैन्य और नागरिक हवाई अड्डे के तौर पर करता है। यह हवाई अड्डा 12,408 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे हवाई अड्डों में से एक है। सैटेलाइट तस्वीरों में केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी दिखाई दे रहा है।



### जे-20 विमानों की तैनाती आश्चर्यजनक

वहीं भारतीय वायु सेना को भी इन जे-20 लड़ाकू विमानों की तैनाती के बारे में जानकारी है। 27 मई, 2024 को मिलीं कई सैटेलाइट तस्वीरों का ऑलसोर्स एनालिसिस ने विश्लेषण किया है। ऑलसोर्स एनालिसि मुताबिक जे-20 स्टील्थ लड़ाकू विमान चीन का अभी तक का सबसे एडवांस ऑपरेशन लड़ाकू विमान है। वहीं इस विमान को चीन के पूर्वी प्रांतों में तैनात किया गया है। परन्तु तिब्बत के शिगात्से में इन विमानों की तैनाती आश्चर्यजनक है। ये विमान 27 मई 2024 को ही एयर बेस पर पहुंचे थे। इससे पहले ग्राउंड क्रू और सहायक उपकरणों की संभावित तैनाती के लिए वाई-20 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने लैंडिंग की थी।

### शिगात्से में छह जे-20 लड़ाकू विमान

शिगात्से में छह जे-20 लड़ाकू विमानों के अलावा, 8 जे-10 लड़ाकू विमान और एक केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी दिखाई दे रहा है। हालांकि भारत ने भी चीन से तनातनी को देखते हुए 36 राफेल लड़ाकू विमानों के बेड़े को एलएसी पर तैनात किया है। हालांकि गुरुवार को ही वायुसेना ने आधिकारिक तौर पर बताया था कि उनमें से 8 राफेल फाइटर जेट अमेरिकी वायु सेना के साथ हवाई युद्ध अभ्यास के लिए अलास्का गए हुए हैं।

**आबकारी नीति घोटाला मनी लॉन्ड्रिंग केस**

## फिर जमानत के लिए कोर्ट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जमानत के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया है। अदालत शनिवार यानी एक जून को इस मामले पर सुनवाई करेगी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा की अदालत में केस लिस्ट हुआ था। बता दें कि सीएम केजरीवाल ने आत्मसमर्पण की डेडलाइन से सिर्फ तीन दिन पहले राउज एवेन्यू कोर्ट में नियमित जमानत और अंतरिम जमानत याचिका दोनों दायर की है। केजरीवाल ने मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिका दायर की है। इससे पहले बीते बुधवार को सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने मेडिकल जांच कराने के लिए सीएम केजरीवाल अंतरिम जमानत एक सप्ताह बढ़ाने की मांग वाली याचिका को सुनवाई के लिए तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया था। प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को दो घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।



**नवाज शरीफ की स्वीकारोक्ति पर बोला भारत ...**

## पाक में उभर रहा निष्पक्ष दृष्टिकोण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पाकिस्तान के लाहौर समझौते का उल्लंघन करने संबंधी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणी के कुछ दिनों बाद भारत ने गुरुवार को कहा कि पड़ोसी देश में इस मुद्दे पर एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। शरीफ ने मंगलवार को कहा था कि पाकिस्तान ने उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बीच 1999 में भारत के साथ हुए समझौते का उल्लंघन किया है। उनका इशारा जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा करगिल पर किए गए हमले की ओर था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं। मुझे इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। हम देखते हैं कि इस मामले पर पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। वह अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में इस मामले पर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। लाहौर में ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी और शरीफ ने 21 फरवरी, 1999 को लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे।

ज्ञात रहे कि दोनों देशों के बीच शांति और स्थिरता के दृष्टिकोण की बात करने वाले इस समझौते ने एक बड़ी सफलता का संकेत दिया, लेकिन कुछ महीने बाद जम्मू-कश्मीर के करगिल जिले में पाकिस्तानी घुसपैठ के कारण करगिल युद्ध हुआ।



### सोशल मीडिया पर सक्रिय महिला कमांडो निलंबित

**गुवाहाटी।** असम पुलिस की एक महिला कमांडो को पैसा कमाने के लिए इंटरनेट मीडिया (सोशल मीडिया) का उपयोग करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। डीजीपी जीपी सिंह ने कहा कि उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू की गई है। एक्स पर एक पोस्ट में डीजीपी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पोस्ट की नियमित निगरानी के दौरान यह देखा गया कि महिला कर्मी व्यावसायिक उपयोग के लिए इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रही थी। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की कोई भी व्यावसायिक गतिविधि नियमों का उल्लंघन है।

**पुणे कार हादसा केस**

## बदला था नाबालिग के खून का नमूना

**एजेंसी** | पुणे

पुणे पोर्श कार हादसे के मामले में पुलिस ने कोर्ट में बताया है कि नाबालिग आरोपी के ब्लड सैंपल को किसी महिला के सैंपल से बदला गया था, ताकि ये दिखाया जा सके कि घटना के वक्त वह नशे में नहीं था। पुलिस का कहना है कि अभी उस महिला की पहचान होनी बाकी है, जिसका ब्लड सैंपल लिया गया। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्टों में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पुलिस में जांच में पता चला है कि आरोपी डॉक्टरों ने एक अस्पताल में नाबालिग के खून के नमूने को उसकी मां के खून के नमूने से बदल दिया था। पुलिस ने पुणे कोर्ट से मांग की थी कि ब्लड सैंपल बदलने वाले दोनों डॉक्टरों और अस्पताल के कर्मचारी की कस्टडी बढ़ाई जाए। इसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए तीनों की कस्टडी 5 जून तक बढ़ा दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मेडिकल एजुकेशन विभाग की तीन सदस्यों की टीम ने इस मामले में एक जांच रिपोर्ट तैयार की है, जिसे सरकार को सौंप दिया गया है। 19 मई को तेज गति से जा रही पोर्श कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी थी। इस टक्कर के चलते एक युवक और युवती की मौत हो गई थी। हादसे के वक्त कार में चार लोग सवार थे, जिनमें कार का ड्राइवर नाबालिग और उसके दो दोस्त शामिल थे। आरोप है कि हादसे के वक्त नाबालिग कार चला रहा था। हादसे के बाद नाबालिग के खून के नमूने लिए गए थे। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी नाबालिग के खून के नमूने ससून अस्पताल के दो डॉक्टरों ने पैसों के लालच में बदल दिया था। नाबालिग के ब्लड सैंपल को कूड़ेदान में फेंक दिया गया था।



**निजी कंपनी ने रचा इतिहास**


# दुनिया के पहले 3D रॉकेट अग्निबाण की लॉन्चिंग सफल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार को श्रीहरिकोटा में अपने स्वयं के लॉन्च पैड से रॉकेट अग्निबाण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। चार असफल प्रयासों के बाद यह परीक्षण-उड़ान बिना किसी लाइव-स्ट्रीमिंग के और इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के अंदर स्थित श्रीहरिकोटा लॉन्च पैड पर सफलता पूर्वक उड़ान भरी और फिर बंगाल की खाड़ी में गिरा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसरो ने प्रक्षेपण को 'मील का पत्थर' करार दिया है। ज्ञात रहे कि 22 मार्च के बाद से अग्निकुल की तरफ से अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर (SOrT-eD) लॉन्च करने की ये पांचवीं कोशिश थी। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण एक कस्टमाइजेबल, दो स्टेज वाल लॉन्च वेहकिल है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड लगभग 700 किमी के ऑर्बेट में ले जा सकता है। अग्निकुल कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर मोइन एसपीएम ने कहा कि अग्निबाण एसओआरटीईडी एक अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित है। इसमें मुख्य रूप से व्यावसायिक रूप से उपलब्ध विमानन टरबाइन फ्यूल, केरोसिन और मेडिकल ग्रेड तरल ऑक्सीजन का उपयोग किया जाता है। बता दें कि इससे पहले साल 2022 में स्काईरूट कंपनी ने भारत के पहले प्राइवेट रॉकेट को इसरो के प्रक्षेपण स्थल से लॉन्च किया था।

आईआईटी-मद्रास में इनक्यूबेट किए गए इस स्टार्ट-अप की यह पहली परीक्षण उड़ान थी। इसकी स्थापना 2017 में दो युवा एयरोस्पेस इंजीनियरों ने एक ऐसी जगह बनाने के सपने के साथ की थी जहां लोग फायर का इस्तेमाल करना सीखें।




### पीएम मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा ने रॉकेट की लॉन्चिंग पर दी बधाई

अग्निकुल की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा, एक उल्लेखनीय उपलब्धि जो पूरे देश को गौरवान्वित करेगी! दुनिया के पहले सिंगल-पीस 3डी प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित अग्निबाण रॉकेट का सफल प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हमारी युवा शक्ति की उल्लेखनीय सरलता का प्रमाण है। राजस्थान के मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा ने निजी कंपनी के रॉकेट की सफल लॉन्चिंग पर बधाई दी है।

### दुनिया का पहला सिंगल पीस 3डी प्रिंटेड इंजन

स्पेस स्टार्ट-अप के को-फाउंडर श्रीनाथ रविचंद्रन ने कहा, यह लॉन्चिंग महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निजी लॉन्चपैड से भारत का पहला प्रक्षेपण है और रॉकेट में दुनिया का पहला सिंगल पीस 3डी प्रिंटेड इंजन है, जिसे स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। इसरो ने 9 मई को अपने पहले 3डी प्रिंटेड इंजन का जमीनी परीक्षण किया था।

**खास इंजन के उपयोग में चेन्नई का स्टार्ट अप नंबर वन**

इसरो ने उड़ान में कभी सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग नहीं किया है। इसरो 2000 kN थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन डेवलप कर रहा है और इसका पहला इग्नीशन ट्रायल दो मई को सफलतापूर्वक किया गया था। चेन्नई के इस स्टार्ट-अप ने वह हासिल किया है जो किसी अन्य भारतीय निजी फर्म को हासिल नहीं हो सका।

## रवींद्र मंच पर मंटो की कहानियों पर बेस्ड नाटक का मंचन

# 'अल्फाज-ए-मंटो' ने मंच पर उधेड़ी औरत और मर्द के रिश्तों की परतें

बेधड़क। जयपुर

सुरमा, मुतारी, बासित, वो लड़की, फातो, भंगन, खोल दो जैसी कहानियां मंच पर आईं तो दर्शक कभी भावुक तो कभी रोमांचित नजर आए। गंभीरता के भंवर में फंसे रहे और कुछ की आंखें भर आईं। अंतिम कहानी 'खोल दो' ने दर्शकों को भावुक कर दिया। मौका था रवींद्र मंच पर नाटक अल्फाज-ए-मंटो सआदत हसन मंटो की कहानी का नाटकिया किस्सागोई का। नाटक में राजीव बैरवा व जय सैनी ने सहायक निर्देशक की भूमिका निभाई। सूर्या राज सिंह, तुषार गोयल, शिवांश चावला, महेश शर्मा, रोहिताश योगी, राजीव, रितिक लालानी, जय, विशेष वर्मा, अमन, अभय चतुर्वेदी और अनिल कुमार ने भूमिका निभाई।



### पूरा समाज ही दिखाई दिया नंगा

अल्फाज-ए-मंटो औरत-मर्द के रिश्तों की उन परतों को उघाड़ने लगता है, जहां से पूरा समाज नंगा दिखने लगता है। इसमें कलाकारों ने अदाकारी से कई मैसेज दिए। गौरतलब है कि सआदत हसन मंटो भारतीय उपमहाद्वीप के उर्दू कहानीकार थे। उनकी कहानियां भारत-पाक विभाजन के दंश का प्रामाणिक दस्तावेज हैं। बंटवारे के दर्द को बेहद गहराई से समझने, उसके संवेदनात्मक व मानवीय पहलू को बेहतरीन रूप से प्रस्तुत करने का नाम ही मंटो है।





**इंडोनेशिया में करेंगे प्रतिनिधित्व**

*सिकंदर ने बताया कि जल्द नए युवा कलाकारों के साथ नाटक का मंचन जयपुर में किया जाएगा। जो बंटवारे के वक्त की कहानी होगी और वहां यूनाइटेड एशिया रेजीडेंसी-2024 के लिए इंडोनेशिया के बाली द्वीप के लिए 17 जून को जाएंगे। वहां भारत का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। जलवायु परिवर्तन पर रिसर्च करेंगे और नवम्बर में थाईलेंड में आयोजित एशियन थिएटर फेस्टिवल में नाटक का प्रदर्शन किया जाएगा।*

## मोटे अनाज के व्यंजन बनाने सीखे




**बेधड़क. जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की ओर से एक दिवसीय व्यंजन व कुकिंग प्रशिक्षण रखा गया। महासचिव दुर्गा वर्मा ने बताया महिलाओं को मोटे अनाज से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना सिखाया गया, जिसमें उन्होंने मठरी, ढोकला, पापड़, जेम, बिस्किट के साथ अचार व केक बनाना सीखा। प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 35 महिलों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न उत्पादों को बनाने संबंधित जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करना व स्वावलंबन तथा आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करना था। जूही पेट्रीक ने पोषक तत्वों से भरपूर भोजन के साथ ही स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संगीता सक्सेना, अंजू वर्मा, विद्या देवी, ज्योति, मीनाक्षी, ममता देवी, पुष्पा, प्रतिभा जायसवाल, दिपेश सिंह राव आदि उपस्थित रहे।

## महाराजा का ट्रेलर रिलीज

**बेधड़क. जयपुर।** विजय सेतुपति की तमिल और तेलुगु फिल्म महाराजा का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। मूवी के लेखक और निर्देशक निथिलन समिनाथन हैं और इसे सुधन सुंदरम और जगदीश पलानीसामी ने प्रोड्यूस किया है। डीओपी दिनेश पुरुषोत्तमन हैं। मूवी में अनुराग कश्यप सरप्राइज कैरेक्टर हैं जो विलन के रूप में नजर आएंगे। ममता मोहनदास, नट्टी (नटराज), भारतीराजा, अभिरामी, ममता मोहनदास, सिंगमपुली, अरुलदोस, मुनीशकांत, विनोद सागर, बॉयज मणिकंदन, कल्कि, सचाना नामीदास सहयोगी भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## रामविलास आश्रम में पाटोत्सव



**बेधड़क. जयपुर।** कौशल्या दास जी महाराज की बगीची स्थित रामविलास आश्रम में विराजमान ठाकुर श्री सीताराम जी का पाटोत्सव मनाया गया। मंदिर महंत रामशरण दासजी, सियाराम दासजी महाराज और युवा चार्य कान्हा दास महाराज ने बताया कि सुबह भगवान श्री सीताराम सहित सम्पूर्ण दरबार का दूध, दहीं, घी, बूरा, शहद, विभिन्न तीर्थो विभिन्न औषधियों और फलों के रस से अभिषेक किया गया। ठाकुरजी को नवीन पोशाक धारण कराकर श्रृंगार किया गया। कई तरह के गुलाब, मोगरा, इत्र आदि से सुसज्जित और सुगंधित फूल बंगले में विराजमान कराकर आरती उतारी गई।

## City इवेंट्स

### उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** प्रधान कार्यालय उत्तर-पश्चिम रेलवे की संरक्षा व कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया और इस दौरान सरंक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रेलकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। चारों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक वीडियों कॉन्फ्रेस से जुड़े। रेलकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें नंदकिशोर गुर्जर-लोको पायलट (गुड्स) व मीठालाल जाट-कांटेवाला को संरक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिए। उन्होंने जयपुर यार्ड में गाड़ी सं. 19720 के पॉवर कार में फ्यूलडंग कराते समय गाड़ी सं.19031 के प्लेटफार्म नं.1 पर आगमन के दौरान असामान्य आवाज सुनी इस दौरान उन्होंने सजगता दिखाते हुए घटना स्थल पर पहुंचकर देखा कि रेल जॉइंट पर लगभग एक फीट रेल का टुकड़ा टूटा हुआ है। तुरंत सर्व सम्बंधित को सूचित कर संभावित दुर्घटना को रोका।

### लोगों को किया ग्रीनरी के लिए मोटिवेट

**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस विद्याधर नगर के सेक्टर 8 में मंदिर मोड़ से शास्त्री नगर जाने वाली रोड साइड ग्रीन बेल्ट में पौधा रोपण किया। साथ ही श्रमदान करते हुए लोगों को ग्रीनरी के लिए मोटिवेट किया। एक ग्रुप ने दीवारों पर रंग और रेलिंग, कॉलोनी के बड़े लोहे के गेट पर ऑयल पेंट किया। साथ ही पेड़ों में पानी डाला गया।

### शिविरार्थियों ने दी रत्नाकर अवॉर्ड परीक्षा



**बेधड़क. जयपुर।** श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के तहत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय व अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति द्वारा श्रीदिगम्बर जैन महिला महासमिति सहयोग से चल रहे शिक्षण शिविरों के अंतिम चरण में रत्नाकर अवॉर्ड के लिए चयन प्रक्रिया परीक्षा संपन्न हुई। महाविद्यालय अधिष्ठात्री शीला ड्योडा ने बताया कि 9 विषय में से हर विषय में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता को रत्नाकर अवॉर्ड दिया जाएगा। साथ ही जयपुर के 48 मंदिरों में पढ़ाए गए विषयों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को व चयनित श्रेष्ठ तीन मंदिरों को एक जून को बिरला सभागार में आयोजित सम्मानित किया जाएगा। समारोह में 48 मंदिरों के शिविरार्थियो के अलावा सभी मंदिरों व संस्थाओं के पदाधिकारी व समाज के गणमान्य श्रेष्ठी उपस्थित रहेंगे।

## तेरापंथ युवक परिषद का आयोजन

# अरावली रेलवे ऑफिसर क्लब में शिविर, 50 यूनिट रक्त एकत्र




बेधड़क। जयपुर

तेरापंथ युवक परिषद के एमबीडीडी आयाम के तहत रेलवे सुरक्षा बल उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के सहयोग से गणपति नगर स्थित अरावली रेलवे ऑफिसर क्लब में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रायोजक डॉ. नरेश मेहता ने बताया कि शिविर में ईएचसीसी अस्पताल के ब्लड बैंक की ओर से 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। उल्लेखनीय बात यह रही कि उत्तर पश्चिम रेलवे के आई जी ज्योति कुमार सतीजा ने 50वीं बार सह पत्नी रक्तदान कर जवानों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही डीजी आरपीएफ संदीप कुमार रविवंशी ने अपनी टीम के साथ शिविर में रक्तदान कर सभी को रक्तदान महादान का संदेश दिया। इस मौके पर तेरापंथ युवक परिषद जयपुर अध्यक्ष अमित छलानी, अभा तेयुप से एमबीडीडी आयाम के राष्ट्रीय संयोजक हितेश भांडिया, तेयुप पूर्व अध्यक्ष राजेश छाजेड़, सुरेन्द्र नाहटा, सहमंत्री गौतम बरडिया, संगठन मंत्री अभिषेक भंसाली व नार्दन रीजन संयोजक करन नाहटा उपस्थित थे। शिविर के संचालन में संयोजक जयंत भूरा व अरिहंत दूगड़ का श्रम उल्लेखनीय रहा।

## भारतीय सीए संस्थान का कौशल परीक्षण

# टैलेंट सर्च में खुशी अग्रवाल और आर्यन चौधरी ने मारी बाजी



बेधड़क। जयपुर

भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा की ओर से सीए छात्रों के लिए सीए स्टूडेंट्स टैलेंट सर्च-2024 के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता और पिच डेक प्रतियोगिता का ब्रांच स्तरीय आयोजन बोर्ड ऑफ स्टडीज ऑपरेशन्स के तत्वाधान में किया गया। जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि टैलेंट सर्च-2024 का आयोजन देश भर में सीए छात्रों के लिए प्रमुख कार्यक्रम है। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की जाती है, जिसमें शाखा, क्षेत्रीय और अखिल भारतीय स्तर हैं। हर चरण में छात्रों के ज्ञान और कौशल का परीक्षण किया जाता है। प्रतियोगिता में उन्हें विभिन्न विषयों पर विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका मिलता है और उनमें व्यापारिक नवाचारों के संवर्धन और प्रवर्धन का प्रोत्साहन होता है। सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा और रीजनल कॉउन्सिल मेंबर सीए अनिल यादव ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने और उनके मार्गदर्शन में भूमिका निभाई। खुशी अग्रवाल व आर्यन चौधरी को विजयी घोषित किया गया।

**स्टेक होल्डर्स मीट** | जयपुर में राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 13 से 15 सितंबर को

# 'वेडिंग इन इंडिया-अपॉर्च्युनिटी फॉर राजस्थान' पर मंथन

बेधड़क। जयपुर

चौथे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) का आयोजन 13 से 15 सितंबर को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में किया जाएगा। राजस्थान पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के संयुक्त तत्वावधान में चौथे आरडीटीएम की थीम 'वेडिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और इवेंट' रखी गई है। आरडीटीएम टूरिज्म सेक्टर के सभी स्टेक होल्डर्स को एक छत के नीचे हेरिटेज, एडवेंचर एक्टिविटी, वाइल्ड लाइफ, तीर्थ क्षेत्र, वेडिंग, इको एंड विलेज टूरिज्म आदि से जुड़े उत्पादों को शोकेस करने और बी2बी मीटिंग्स का अवसर देगा। यह बात स्टेक होल्डर्स मीट में विशेषज्ञों ने कही।




### पर्यटन बिना धुएं वाला उद्योग

गज सिंह जोधपुर ने बतौर की नोट स्पीकर बात करते हुए कहा कि राजस्थान ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध राज्य है। अब डेस्टिनेशन वेडिंग ट्रेंड में है। जब देश-विदेश से लोग आकर राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे तो इससे दुनिया को राजस्थान की गौरवान्वित करने वाली संस्कृति से जुड़ने का मौका मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर गज सिंह को एफएचटीआर चीफ पेट्रन के सम्मान से नवाजा गया। पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि पर्यटन बिना धुएं वाला उद्योग है।

### विशेषज्ञों ने रखे विचार

इस दौरान 'वेडिंग इन इंडिया-अपॉर्च्युनिटी फॉर राजस्थान' विषय पर चर्चा की गई। इससे पहले गजसिंह, पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा, एफएचटीआर और होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (एचआरएआर) अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, एफएचटीआर सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और फिक्की राजस्थान को-चेयरमैन सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, जोधाना होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन (जारा) अध्यक्ष, जे. एम. बूब, ताज प्रेसिडेंट महाराज चंद्रशेखर सिंह, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) प्रेसिडेंट महेन्द्र सिंह, एफएचटीआर जनरल सेक्रेटरी सीए वीरेन्द्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम की शुरुआत की।



जो कहना है मगर कह नहीं सकते ,
वह डर नहीं मर्यादा है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ,
सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### फिलाडेल्फिया कॉरिडोर के 14 किमी क्षेत्र में आईडीएफ तैनात

# इजराइल ने गाजा-मिस्र बॉर्डर पर जमाया कब्जा



**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच का युद्ध अब एक नया मोड़ ले रहा है। इजराइली सेना ने रफाह में अपने हमले के दौरान मिस्र के साथ गाजा पट्टी की सीमा पर बफर जोन पर कब्जा कर लिया, जबकि संयुक्त राष्ट्र की एक शीर्ष अदालत ने यहूदी राज्य को शहर पर हमले बंद करने का आदेश दिया था।

अंतरराष्ट्रीय दबाव और आलोचना के बावजूद इजराइल की रफाह में कार्रवाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। अब इजराइल ने गाजा पट्टी में मिस्र से सटे अहम गलियारे पर 'पूर्ण नियंत्रण' का दावा किया है। इस 14 किलोमीटर की सीमा को गलियारे को फिलाडेल्फी नाम से जाना जाता है। इसे 2006 में इजराइल ने गाजा पट्टी से अलग होने के बाद हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए बनाया था।

इसे बफर जोन कहते हैं। अब इजराइल की सेना रफाह में टैंक लेकर घुस गई है और यहां सघन छापेमारी अभियान चला रही है। इसके साथ ही इजराइल की मीडिया ने बताया कि आईडीएफ ने फिलाडेल्फिया कॉरिडोर के पास मिस्र में प्रवेश करने वाली 20 सुरंगों का पता लगाया है।

### बीजिंग में अरब देशों के नेताओं का शिखर सम्मेलन शुरू

# गाजा युद्ध पर गरजे जिनपिंग... शांति सम्मेलन का आह्वान

**एजेंसी** | बीजिंग

रफाह में इजराइल के ताजा हमले के बाद इजराइल-हमास युद्ध एक बार फिर चर्चा में है। इस बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को बीजिंग में अरब देशों के नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन की शुरुआत की है। यहां जिनपिंग ने गाजा में प्रभावित लोगों के लिए मानवीय सहायता देने की घोषणा की है और फ्री-फिलिस्तीन के नारे को भी दोहराया है। शी ने चीन-अरब स्टेटस कोऑपरेटिव फोरम का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा कि पिछले अक्टूबर से फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष बढ़ गया है, जिससे लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। युद्ध अनिश्चितकाल तक जारी नहीं रहना चाहिए। इस दौरान शी जिनपिंग ने गाजा की मदद के लिए 500 मिलियन युआन यानी $69 मिलियन डॉलर देने का वादा किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी को 3 मिलियन डॉलर का दान देने का भी वादा किया जो इज़राइल-हमास युद्ध के शरणार्थियों की सहायता करता है।



#### गाजा युद्ध पर दुनिया में तनाव

बीजिंग में राजनयिक बैठकें ऐसे समय में हो रही हैं, जब गाजा में इजराइल का युद्ध वैश्विक ध्यान का केंद्र बना हुआ है। इजराइली सेनाएं रफाह में अभियान तेज कर रही हैं, जिससे मानवीय संकट दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी और उनके समकक्षों ने गुरुवार की मंत्रिस्तरीय बैठक में फिलिस्तीनी मुद्दे पर एक संयुक्त वक्तव्य अपनाया।

#### जिनपिंग ने अमेरिका पर साधा निशाना

शी ने अपने भाषण में चीन-अरब संबंधों के एक नए युग की आम इच्छा की सराहना की और कहा कि उनके संबंध विश्व शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए एक मॉडल हो सकते हैं। जिनपिंग ने कहा कि इस अशांत दुनिया में, शांतिपूर्ण संबंध आपसी सम्मान से आते हैं, और स्थायी सुरक्षा निष्पक्षता और न्याय पर आधारित होती है। उन्होंने अमेरिका द्वारा समर्थित गठबंधन-आधारित मॉडल की जगह वैश्विक सुरक्षा के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पर जोर दिया है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सिसी, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा और ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सईद मंत्रिस्तरीय बैठक के साथ ही राजकीय दौरे के लिए चीन में हैं।

#### युद्धविराम का किया आह्वान

चीन ने हाल के वर्षों में मध्य पूर्व में अपने संबंधों को गहरा करने की कोशिश की है। उसने खुद को अरब दुनिया और व्यापक वैश्विक दक्षिण के साथ लगभग आठ महीने लंबे संघर्ष में शामिल किया है, इजराइल की आलोचना की है और युद्धविराम का आह्वान किया है। इसके रुख ने चीन को अमेरिका के साथ विवाद में डाल दिया है, जो लंबे समय से इस क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति और इजराइल का प्राथमिक समर्थक है। चीनी अधिकारियों ने इजराइल गाजा संघर्ष का उपयोग अमेरिका पर हमला करने के लिए किया है। यह चीन के एक बड़े संदेश के अनुरूप है जो अमेरिका को वर्तमान विश्व व्यवस्था पर अनुचित रूप से हावी होने वाले एक आक्रामक के रूप में पेश करता है।

#### 22 अरब देशों के प्रतिनिधि हुए शामिल

बीजिंग के डियाओयूताई स्टेट गेस्ट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में 22 अरब देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। वांग ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक का सबसे मजबूत आह्वान फिलिस्तीनी लोगों को उनके वैध राष्ट्रीय अधिकारों को बहाल करने में दृढ़ता से समर्थन देना था। चीनी सरकारी वांग ने कहा कि संयुक्त वक्तव्य गाजा संघर्ष के शीघ्र समाधान और फिलिस्तीनी मुद्दे के व्यापक, निष्पक्ष और स्थायी समाधान को बढ़ावा देने के लिए एक न्यायसंगत आवाज़ को आगे बढ़ाता है।

### अमेरिका के उकसावे की कार्रवाई

# रूस तक पहुंचे अमेरिकी बमवर्षक विमान

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के परमाणु हमला करने में सक्षम बी-52 स्ट्रेटोफोर्ट्रेस बमवर्षक विमान ने ब्रिटेन से उड़ान भरकर रूस के कैलिनिनग्राद के चारों ओर चक्कर लगाया है। इसे अमेरिका की उकसावे की कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, नाटो गठबंधन के कथित तौर पर इस मिशन का उद्देश्य रूस को चेतावनी देना था कि उसके सदस्य क्या करने में सक्षम हैं।




इन बमवर्षक विमानों के मार्ग को यूके डिफेंस जर्नल ने ट्रैक किया, जिससे पता चला कि बी-52 विमानों ने ब्रिटेन से उड़ान भरी थी। इसके बाद उन्होंने रूस के लिए उड़ान भरकर कैलिनिनग्राद के चारों और चक्कर लगाया और फिर से आरएएफ फेयरफोर्ड बेस पर लौट आए। अमेरिकी वायु सेना ने पुष्टि की है कि दो बी-52 एच स्ट्रेटोफोर्ट्रेस विमानों ने "बाल्टिक क्षेत्र" के ऊपर से उड़ान भरी और बॉम्बर टास्क फोर्स (बीटीएफ) 24-3 ऑपरेशन के हिस्से के रूप में स्पेनिश एफ-18 हॉर्नेट्स, जर्मन वायु सेना के यूरोफाइटर्स टाइफून और पोलिश एमआईजी-29 विमानों ने उनको हवाई सुरक्षा मुहैया कराई। प्रवक्ता फर्स्ट लेफ्टिनेंट जो हार्क ने द सन को बताया कि बीटीएफ 24-3 नाटो सहयोगियों और साझेदार देशों की बाल्टिक सागर क्षेत्र को स्थिर और समृद्ध बनाए रखने के लिए एक साथ मिलकर काम करने की क्षमता का प्रदर्शन है।

#### रूस का मिलिट्री बेस है कैलिनिनग्राद

कैलिनिनग्राद रूस का एक दूर स्थित सैन्य बेस है, जहां रूसी सेना ने परमाणु बमों को तैनात किया हुआ है। कैलिनिनग्राद में रूसी नौसेना के बाल्टिक सागर बेड़े का मुख्यालय है। यह वर्तमान में रूस के 46 प्रशासनिक क्षेत्रों में से एक है। यह जगह करीब 223 वर्ग किमी के क्षेत्रफल में फैली हुई है। यह एकमात्र ऐसा इलाका है जो रूस की मुख्य भूमि से कोई सीधा जुड़ाव नहीं है। इसके एक दिशा में लिथुआनिया और दूसरी दिशा में पोलैंड, जबकि उत्तर में बाल्टिक सागर मौजूद है।

### नेतन्याहू सरकार का 'ऑल आइज ऑन रफाह' पर पलटवार

# '7 अक्टूबर को कहां थी आपकी निगाहें'

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल-हमास में जारी संघर्ष के बीच सोशल मीडिया पर 'सभी की निगाहें रफाह पर' ('ऑल आइज ऑन रफाह') सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। दुनिया के कोने कोने से लोगों ने 'ऑल आइज ऑन रफाह' पोस्ट का इस्तेमाल अपने सोशल मीडिया पर किया। इंस्टाग्राम पर करीब 450 लाख लोगों ने 'ऑल आइज ऑन रफाह' को अपने पोस्ट और स्टोरी पर साझा किया। सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने के बाद इजराइल ने इस पर प्रतिक्रिया दी। इजराइल ने सोशल मीडिया यूजर्स से पूछा कि जब हमास ने इजराइल पर हमला किया, तब उन्होंने इसे लेकर कुछ पोस्ट क्यों नहीं किया था? इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'ऑल आइज ऑन रफाह' को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक तस्वीर के साथ पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा था, 'सात अक्तूबर को आपकी निगाहें कहां थी?' नेतन्याहू की सरकार ने अपने पोस्ट में लिखा, 'हम सात अक्टूबर के बारे में बात करना कभी नहीं भूलेंगे। हम बंधकों के लिए लड़ना कभी नहीं भूलेंगे।' उन्होंने हमास के आतंकी के साथ एक बच्चे की तस्वीर साझा की।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl